संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े .....

19 दिसंबर 2024, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 07, अंक - 83

Email-santalexpress20@gmail.com

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा कराने वाली एजेंसी की याचिका हाईकोर्ट से खारिज

रांची । झारखंड हाई कोर्ट से 28 जनवरी को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सचिवालय सहायक (सीजीएल) परीक्षा आयोजित कराने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी सतवत इन्फो सोल प्राइवेट लिमिटेड को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। अदालत ने जेएसएससी की ओर से एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड किये जाने के एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखते हुए आउटसोर्सिंग एजेंसी की याचिका बुधवार को खारिज कर दी है।

संक्षिप्त खबरें

दिल्ली में हर कैटेगरी के बुजुर्गों को मुफ्त में मिलेगा इलाज : केजरीवाल

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले घोषणा की कि 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज होगा। उन्होंने बुधवार को बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना का ऐलान किया। केजरीवाल ने साफ कहा कि ये इलाज सभी बुजुर्गों को मुफ्त में मिलेगा, चाहे वह किसी भी कैटेगरी में आते हों। बता दें इससे पहले केजरीवाल बुजुर्गों के लिए 2500 रुपए पेंशन, ऑटोवालों के लिए पांच लाख तक का बीमा और महिलाओं के लिए एक हजार रुपए महीने की घोषणा कर चुके हैं।

फायरिंग रेंज में ब्लास्ट, 2 जवानों की मौत

बीकानेर । राजस्थान के बीकानेर में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज के नॉर्थ कैंप में प्रैक्टिस के दौरान ब्लास्ट होने से 2 जवानों की मौत हो गई। एक जवान गंभीर रूप से घायल है। उन्हें सूरतगढ़ के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 4 दिन में यह दूसरा हादसा है। दोनों हादसों में 3 जवानों की मौत हुई है। सेना के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने बताया- हादसा फायरिंग रेंज के चार्ली सेंटर पर हुआ, जहां सैन्य अभ्यास चल रहा था।

20 दिसंबर से बदलेगा मौसम, होगी बारिश

रांची । झारखंड में ठंड का कहर दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में बुधवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। इसी बीच 20 दिसंबर से झारखंड के मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य के दक्षिणी भाग में आंशिक बादल छाये रहेंगे और कहीं-कहीं पर हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

शाह के अंबेडकर पर बयान के खिलाफ कांग्रेस का सडक़ से लेकर संसद तक प्रदर्शन

नेहरू ने अंबेडकर के खिलाफ प्रचार किया था, भारत रत्न नहीं दिया, अब कांग्रेस नाटक कर रही : मोदी

- कांग्रेस बोली... संविधान ग्रंथ तो अंबेडकर भगवान, गृह मंत्री बोले-मेरा बयान तोड़-मरोड़
- खडग़े की मांग-रात 12 से पहले प्रधामनमंत्री मोदी गृह मंत्री को करें बर्खास्त

एजेंसी

नई दिल्ली । अमित शाह की संसद में अंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को सडक़ से लेकर संसद तक प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने कहा कि शाह ने अंबेडकर का अपमान किया। कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि अगर संविधान ग्रंथ है तो अंबेडकर भगवान हैं। कांग्रेस ने शाह के इस्तीफे की मांग की है। इन बयानों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस को जवाब दिया। मोदी ने एक्स पर 6 पोस्ट किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अब अंबेडकर पर नाटक कर रही है। पंडित नेहरू ने चुनाव में अंबेडकर के खिलाफ प्रचार किया था। उन्हें भारत रत्न देने से कांग्रेस ने इनकार किया। एससी-एसटी पर सबसे ज्यादा नरसंहार कांग्रेस के शासन काल में हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि बाबा साहेब पर अमित शाह का बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। ये लोग मनुस्मृति को मानते हैं। शाह को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदीजी ने गृहमंत्री को डिफेंड करने के लिए 6 पोस्ट किए। क्या जरूरत थी ऐसा करने की। अगर कोई अंबेडकर के बारे में गलत बोलता है, तो उसको अपनी कैबिनेट से निकाल देना चाहिए था। लेकिन दोनों बड़े गहरे दोस्त हैं, एक-दूसरे के पाप को सपोर्ट करते हैं। मोदीजी को अगर जरा भी अंबेडकर के बारे में श्रद्धा है तो रात 12 बजे से पहले शाह को बर्खास्त कर देना चाहिए। नहीं तो देशभर में प्रदर्शन होगा।

दरअसल, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था कि अभी एक फैशन हो गया है। अम्बेडकर, अम्बेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस पर संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में अंबेडकर के अपमान को लेकर हंगामा हुआ। गृह मंत्री के बयान के खिलाफ कांग्रेस सांसदों ने संसद के गेट पर प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी भी इसमें शामिल हुए। राज्यसभा में जय भीम और माफी मांगो के नारे संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में अंबेडकर के अपमान को लेकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने सदन में जय भीम और माफी मांगो के नारे लगाए। कांग्रेस और अन्य विपक्ष के सांसदों का आरोप है कि, गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान किया है। इस पर राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैंने भी वीडियो दो बार देखा, उसमें कुछ भी गलत नहीं था। बाबा साहेब के आदर्शों से इतर उसमें कोई अन्य बात नहीं थी। इसके बाद दोनों सदन पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिए गए। राज्यसभा में अंबेडकर को लेकर अपनी टिप्पणी पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। भाजपा के सदस्यों ने ऐसा ही किया। जब साबित हो गया कि कांग्रेस अंबेडकर विरोधी पार्टी है, आरक्षण विरोधी है, संविधान विरोधी है, तो कांग्रेस ने अपनी पुरानी रणनीति अपनाते हुए बयानों को तोडऩा-मरोडऩा शुरू कर दिया। शाह ने कांग्रेस के बयानों के बाद बुधवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा खडग़ेजी इस्तीफा मांग रहे हैं।

एक देश-एक चुनाव बिल की वोटिंग में 20 सांसद रहे अनुपस्थित

गडकरी-सिंधिया समेत सभी को भाजपा भेजेगी नोटिस

एजेंसी

नई दिल्ली । पार्टी द्वारा जारी किए व्हिप के बावजूद भाजपा के 20 सांसद एक देश-एक चुनाव बिल की वोटिंग में सदन से नदारद रहे। बताया जा रहा है कि भाजपा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया और गिरिराज सिंह समेत 20 सांसदों को नोटिस भेज सकती है। भाजपा ने 3 लाइन का व्हिप जारी कर पार्टी के सभी सांसदों को बिल पेश होने के दौरान लोकसभा में मौजूद रहने के निर्देश दिए थे। इसकी अवहेलना करने पर सांसदों को नोटिस भेजकर कारण पूछा जाएगा। हालांकि, अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि इन सभी सांसदों ने पार्टी को अपनी अनुपस्थिति के बारे में पहले से सूचित किया था या नहीं। लेकिन सूत्रों का कहना है कि भाजपा अपने उन सांसदों को नोटिस भेजेगी जो मंगलवार को एक देश, एक चुनाव बिल पेश होने के दौरान लोकसभा में मौजूद नहीं थे।

ये सांसद गैरहाजिर थे

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया और सीआर पाटिल, शांतनु ठाकुर, जगदंबिका पाल, बीवाई राघवेंद्र, विजय बघेल, उदयराजे भोंसले, जगन्नाथ सरकार, जयंत कुमार रॉय, वी सोमन्ना, चिंतामणि महाराज समेत कुल 20 सांसद सदन में मौजूद नहीं थे।

बकाया राशि का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया गया : मुख्यमंत्री

संवाददाता

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंडियों के हक में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया राशि का एक-एक रुपये का विस्तृत ब्रेकअप केंद्र सरकार को कई बार दिया जा चुका है। फिर भी केंद्र सरकार के जरिये इसे लगातार नकारना हमारे अधिकारों पर किया जाने वाला एक कुंठित प्रयास है। हम इसे होने नहीं देंगे।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को ट्वीट कर कहा है कि झारखंड भाजपा यदि इस मुद्दे पर हम झारखंडियों के साथ आवाज बुलंद नहीं करती है तो यह साफ माना जाएगा कि इस हकमारी में उनकी बराबर की सहभागिता है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार पर झारखंड के 1.36 लाख करोड़ रुपये के बकाया राशि के दावे को केंद्र सरकार की तरफ से ठुकराए जाने से फिर एक बार राजनीति गरमा गई है। केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार के 1.36 लाख करोड रुपये बकाया वाले दावे को सिरे से नकार दिया है। इसके बाद हेमंत सरकार एक्शन में आ गई है। कोल कंपनियों के यहां 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाए की वसूली के लिए राज्य सरकार ने लीगल प्रोसेस शुरू करने का आदेश दिया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने आदेश जारी किया है। भू-राजस्व विभाग के विशेष सचिव को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। विशेष सचिव 15 दिनों के अंतराल पर भू-राजस्व सचिव को विधिक कार्रवाई की प्रगति से अवगत कराएंगे।

किसान सीधे हमें बताएं अपनी मांगें : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली । किसान आंदोलन के कारण 10 महीने से बंद हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर खोलने पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आंदोलनकारी किसान अगर गठित कमेटी के सामने नहीं जाना चाहते तो सीधे सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट उनकी बातों को सुनने के लिए तैयार है। सुप्रीम कोर्ट ने 23 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत पर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि उनकी जिंदगी बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि अगर उनको कुछ होता है बहुत मुश्किल हो जाएगी। कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल को बचाने के लिए जो भी जरूरी कदम उठाने हों, मेडिकल हेल्प देना होगा, राज्य सरकार तत्काल कदम उठाए। इस मामले में कल फिर होगी सुनवाई। इस सुनवाई से पहले किसान नेता डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट की बनाई मध्यस्थता कमेटी के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह को 2 पेज की चिट्ठी लिखी। इसमें डल्लेवाल ने कहा कि हम सिर्फ केंद्र सरकार से बात करेंगे। कमेटी से मुलाकात के बावजूद वे शंभू या खनौरी बॉर्डर पर नहीं आईं। क्या यह कमेटी मेरी मौत का इंतजार कर रही थी।

केंद्र पर 1.36 लाख करोड़ बकाये का आरोप निराधार : बाबूलाल

संवाददाता

रांची । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर निशाना साधा है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के जरिये हवा-हवाई बातें कर केंद्र सरकार पर 1.36 लाख करोड़ का बकाया रखने का निराधार और भ्रामक आरोप लगाया जा रहा है।

मरांडी ने कहा कि यदि झामुमो के पास इस आंकड़े को लेकर कोई ठोस प्रमाण है, तो वे पूरे दस्तावेज और तथ्यों के साथ जनता के सामने रखें। झामुमो को स्पष्ट करना चाहिए कि ये राशि किस मद की है? कब

से लंबित है और किन परिस्थितियों में यह दावा किया जा रहा है? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे आरोपों और गलत आंकड़ों के सहारे केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने की बजाय झारखंड की असल समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही बिना प्रमाण और आधारहीन आरोप लगाकर झारखंड की जनता को भ्रमित करने का यह खेल अब बंद होना चाहिए।

पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के समर्थक मुन्ना की गोली मारकर हत्या

संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम । कदमा थाना अंतर्गत शास्त्री नगर रोड नंबर 4 में बुधवार की सुबह अपराधियों ने कांग्रेस कार्यकर्ता आलोक कुमार उर्फ मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी। घायल अवस्था में आलोक को टीएमएच ले जाया गया।जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।अपराधियों ने आलोक मुन्ना को सामने से गोली मारी।उसके सीने पर चार गोलियां मारी गई।आलोक को पूर्व मंत्री बन?ना गुप्ता का समर्थक बताया जाता है। पुलिस के अनुसार आलोक मुन्ना पर कई आपराधिक मुकदमा दर्ज हैं। वह चुनाव के दौरान भाजपा के एक नेता की पिटाई करते हुए सीसीटीवी

में साफ तौर पर देखा गया था।इस मामले को लेकर कदमा थाना में एक केस भी दर्ज हुआ था। दूसरी ओर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पहुंच कर छानबीन में जुट गई है।इस घटना को लेकर परिवार वालों ने छोटू बच्चा पर आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार छोटू ने अपने साथियों के साथ मिलकर आलोक मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी।

वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, कटरा किया बंद

एजेंसी

कटरा । वैष्णो देवी रोपवे परियोजना के विरोध में माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने बुधवार को कटरा बंद किया। समिति ताराकोट रोपवे परियोजना का विरोध कर रही है। परियोजना को लेकर लोग सड़क पर उतर आए और इसका विरोध किया। श्राइन बोर्ड ने ताराकोट मार्ग से सांझी छत के बीच 12 किलोमीटर के मार्ग पर 250 करोड़ रुपए की लागत से यात्री रोपवे परियोजना को आगे बढ़ाने का फैसला किया था। यात्रा मार्ग के दुकानदार, पिट्ठू और पालकीवालों के साथ स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उन्हें इसे अपनी आजीविका पर कुठाराघात बताया है।

नौसेना की नाव यात्री जहाज से टकराई, 13 की मौत

एजेंसी

मुंबई । गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही यात्रियों से खचाखच भरी एक बोट से नौसेना की एक नाव टकरा गई, जिससे बोट समंदर में करंजा के उरण में पलट गई। इस हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 101 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस और भारतीय नौसेना ने घटना और इसमें लोगों की मौत की पुष्टि की है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ÷मुंबई के पास बुचर द्वीप पर नौसेना की एक नाव दोपहर करीब 3.55 बजे नीलकमल यात्री जहाज से टकरा गई। शाम 7.30 बजे तक की जानकारी के अनुसार 101 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है और 13 लोगों की मौत हो गई है। 13 मृतकों में 10 नागरिक और 3 नौसेना के जवान हैं। दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें नौसेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संताल एक्सप्रेस
देश दुनिया व झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिये santalexpress.com पर जाएं या इस बार कोड को स्कैन करें.....

आदिवासियों के लिए हो अलग धर्म कॉलम, 28 फरवरी को दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना

संवाददाता

रांची । प्रकृति पूजक आदिवासियों को अलग धर्म कॉलम (सरना कोड) दिये जाने की मांग को लेकर 28 फ़रवरी को दिल्ली के जंतर-मंतर में एक दिवसीय धरना देने का आह्वान किया गया है। राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति भारतके समन्वयक देवकुमार धान ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बावजूद आदिवासियों को संवैधानिक मौलिक अधिकार नहीं मिले है।कहा कि हम अपनी धार्मिक आजादी की आवाज को आगे बढ़ायेंगे।देवकुमार धान ने कहा कि आदिवासियों के अस्तित्व, पहचान और हिस्सेदारी के लिए अलग धर्म कॉलम होना जरूरी है।आज आदिवासियों के लिए अलग धर्म कॉलम नहीं रहने से आदिवासी समाज को लोग हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई बनते जा रहे हैं।इससे आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है।इसे रोकने के आदिवासियों को अलग धर्म कॉलम देना होगा। केंद्र सरकार को इसपर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।कहा कि आदिवासियों की धार्मिक आजादी का आंदोलन राष्ट्रीय आंदोलन बनकर उभर चुका है। श्री धान ने कहा कि आदिवासी समाज के युवा छात्र , बुद्धिजीवी, नौकरी पेशा आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के साथ समन्वय बनाकर आदिवासियों की भाषा, जाति धर्म और संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की कोशिश करेंगे।

अडानी और मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदेश कांग्रेस का राजभवन मार्च

संवाददाता

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को अडानी और उनके सहयोगियों को बचाने एवं मणिपुर में जारी हिंसा की अनदेखी करने सहित अन्य मुद्दों के विरोध में राजभवन मार्च निकाला। यह मार्च प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में शहीद स्थल से राजभवन तक किया गया। राजभवन पहुंचने पर मार्च सभा में परिवर्तित हो गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि केंद्र सरकार अडानी और मणिपुर मामले पर पूरी तरह मौन है। हमारे नेता सदन में दोनों मामलों को लगातार उठा रहे हैं। मणिपुर में शांति बहाली की मांग कांग्रेस के जरिये लगातार जारी है लेकिन केंद्र सरकार इस पर चुप हैं। अडानी और उनके सहयोगियों के जालसाजी का पर्दाफाश हुआ है। रिश्वतखोरी का खुलासा हुआ है लेकिन आज तक इस मामले पर जनता के सामने केंद्र सरकार ने सफाई देने की भी जरूरत महसूस नहीं की। कमलेश ने कहा कि मणिपुर जल रहा है। लगातार हिंसा हो रही है। कर्फ्यू लगा हुआ है लेकिन आज तक प्रधानमंत्री वहां नहीं गए। दोनों मुद्दे पर प्रधानमंत्री मौन हैं। वहां के मुख्यमंत्री भी इस मामले में फिसड्डी साबित हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री उन्हें हटाने की बजाय उन्हें संरक्षण दे रहे हैं।

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि यह जनता की आवाज है कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उनके सवालों का जवाब दें। पिछले एक वर्ष में अमित शाह दर्जनों बार झारखंड आ चुके हैं लेकिन मणिपुर जो वर्षा से जल रहा है हत्याएं, बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं, संवैधानिक मूल्यों की हत्या हो रही है लेकिन गृह मंत्री को वहां जाने का वक्त नहीं मिल रहा है।कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि यदि अडानी को बचाने मोदी जी निकलेंगे तो जनता उन्हें गाड़ी से उतार देगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में हमें खुद को मजबूत करना है। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि यदि कोई राजनीतिक दल या व्यक्ति भीमराव अंबेडकर का अपमान करता है तो यह एक व्यक्ति का अपमान नहीं पूरे हिंदुस्तान का अपमान है। ऐसा दल जो हिंदुस्तान का अपमान करे किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था का राजनीतिक दल हो ही नहीं सकता। इसके अलावा कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य ने सभा को संबोधित किया। राजभवन मार्च में विधायक सुरेश बैठा, नमन विक्सल कोन्गाडी, भूषण बाड़ा, स्वेता सिंह, रामचन्द्र सिंह, ममता देवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, योगेन्द्र साव, शहजादा अनंवर, कार्यालय प्रभारी ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहु सहित अन्य शामिल थे।

ड्रग्स सैंपलिंग चूक मामला : हाईकोर्ट में हाजिर हुए झारखंड डीजीपी और एटीएस एसपी

संवाददाता

रांची । झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस द्वारा जब्त किये गये मादक पदार्थों की सही तरीके से सैंपलिंग नहीं करने, इससे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों को जमानत मिलने और एनडीपीएस केस में आरोपियों की सजा की दर कम होने को गंभीरता से लिया है।बुधवार को हाईकोर्ट के पूर्व के आदेश के आलोक में राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता, एटीएस के एसपी ऋषभ झा और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल डायरेक्ट अदालत के समक्ष उपस्थित हुए।सुनवाई के दौरान अदालत ने डीजीपी को निर्देश दिया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और राज्य सरकार एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) बनाएं ताकि पुलिस द्वारा जब्त किये गये मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही तरीके से हो।इसके साथ ही मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से जुड़े केस में सजा की दर बढ़े और मादक पदार्थ के कारोबारियों को सख्त सजा मिले। डीजीपी द्वारा कोर्ट को यह आश्वस्त किया गया कि अदालत द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जायेगा। जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के

लिए 20 जनवरी की तिथि निर्धारित की है। दरअसल पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में वर्ष 2020 में स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया।लेकिन जब्त मादक पदार्थों की सैंपलिंग सही ढंग से नहीं होने पर आरोपियों को जमानत मिल गयी थी।इसे हाईकोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए डीजीपी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

हाईकोर्ट में लगे शिविर में 140 यूनिट रक्त का संग्रह

रांची । झारखंड हाईकोर्ट परिसर में बुधवार को लगे रक्तदान शिविर में 140 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मुख्य न्यायाधीश रामचंद्र राव ने कैंप का शुभारंभ किया। इस आयोजन में कैंप में हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और पुलिस विभाग के लोगों ने भाग लिया।

सदर अस्पताल, हाईकोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी, हाईकोर्ट को-ऑपरेटिव सोसाईटी, झारखंड थैलिसीमिया फाउंडेशन, वॉलेन्टरी ब्लड डोनर एसोसिएशन ने कैंप लगाया। न्यायाधीश रंगोन मुखोपाध्याय मुख्य प्रेरक थे।

चुटूपालू घाटी में हादसे रोकने के लिए अलग से बनेगी सड़क - एनएचएआई

रांची । गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बुधवार को दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन संतोष यादव से मुलाकात की। उन्होंने रांची-रामगढ़ एनएच 20 के चुटूपालू घाटी में आए दिन सड़क हादसों को रोकने पर पहल करने, सड़क के लिए अधिग्रहित भूमि का भुगतान करने आदि पर चर्चा की। इस पर यादव ने कहा कि स्थायी समाधान के लिए अलग से सड़क बनाई जाएगी। सांसद ने चेयरमैन का ध्यान जैनामोड़ से देवघर वाया बेरमो, नावाडीह, डुमरी, ससारखों, नारायणपुर मधुबन व गिरिडीह तक फोरलेन सड़क बनाने, गोविंदपुर एनएच-19 से गिरिडीह तक सड़क फोरलेन करने, एनएच-19 डुमरी मोड़ केवी हाईस्कूल के सामने व आईबीपी गुझाडीह मोड़ में आरओबी बनाने, गोला से रामगढ़ तक फोरलेन निर्माण कराने का ध्यान आकृष्ट कराया।

धनवार के बिजली विभाग के जेइ को 8000 घूस लेते एसीबी की टीम ने किया गिरफ्तार

गिरिडीह । जिले के राजधनवार में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय को 8 हजार रुपये घूस लेते एसीबी की टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय को टीम अपने साथ धनबाद ले गयी है।जानकारी के अनुसार बिजली बिल माफ करने के नाम पर जेई सहाय ने लाभुक से घूस की मांग की थी और बुधवार को लाभुक से आठ हजार रूपये घूस की रकम लिया था। लेकिन जैसे गई जेई ने घुस की रकम लाभुक से लिया मौके पर पहुंच एसीबी की टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर दुर्गेश नंदन सहाय को घुस लेते गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम ने धनवार थाना में आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और उसके बाद उन्हें अपने साथ धनबाद ले गई है।

सत्या पासवान हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

पलामू । पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी थाने की पुलिस ने कुख्यात अपराधकर्मी सत्या पासवान हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों के पास से एक 7.65 बोर की देशी पिस्टल, 7.65 एमएम की चार जिंदा गोली, एक पल्सर बाईक एवं दो मोबाईल बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव निवासी यासीन खान का पुत्र इकबाल खान और गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुवा गांव निवासी असगर अंसारी का पुत्र शोहदाग खान के नाम शामिल हैं। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया कि गत तीन दिसंबर को नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के गोसाईबाग स्थित लाइन होटल के पास गढ़वा जिले के कुख्यात अपराधकर्मी सत्या पासवान की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कुख्यात अपराधकर्मी इकबाल खान एवं एक अन्य अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि इस कांड के अनुसंधान एवं गिरफ्तारी के लिए नगर ऊंटारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि इस घटना में इकबाल खान के अतिरिक्त दूसरा अपराधकर्मी विशुनपुर गांव निवासी तौसिम खान उर्फ तौसीफ के जरिये घटना को अंजाम दिया गया है।

दिनदहाड़े चार लाख के आभूषण की चोरी

गिरिडीह । नगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े शिक्षिका के घर से चार लाख के आभूषण की चोरी की घटना घटित हुई है। भुक्तभोगी ने इसकी शिकायत नगर थाना में आवेदन देकर की है। गृहस्वामी की पत्नी श्वेता सिन्हा ने बताया कि वह बीएनएस डीएवी की शिक्षिका है और उनके पति पतरातू में डीएवी सकूल में शिक्षक हैं। कहा कि वह प्रतिदिन की तरह डीएवी स्कूल पढ़ाने गयी थी और उनका बेटा घर की छत पर था। जब वह नीचे आया तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उसने अपनी मां को मामले की सूचना दी। शिक्षिका ने घर आकर देखा तो पता चला कि घर में रखे हुए सोने का चैन, कान की बाली, सोने की अंगूठी, सोने के टॉप्स, चांदी की पायल, दस चांदी के सिक्के समेत सारे आभूषण घर से गायब थे। चोरी गये चुके आभूषणों की कीमत भुक्तभोगी ने लगभग चार लाख रुपये की बतायी है। बताया कि घर के अगल-बगल लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करने पर पता चला कि एक महिला अपने दो बच्चों को लेकर घर के बाहर इधर-उधर घूम रही थी। आरोप लगाया कि वह महिला ही घर में घुसी और सारा सामान चुरा ले गयी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरी गये सामानों की बरामदगी की मांग की है। बहरहाल पुलिस सीसीटीवी खंगालने में जुटी है।

बैंक में पैसे जमा करने का झांसा दे 3 लाख रुपए लेकर ठग भागे

रांची । हिनू की शुक्ला कॉलोनी निवासी रविंद्र यादव ने खाते में पैसे जमा करने के नाम पर एक लाख रूपए ठगने के आरोप में बुधवार को डोरंडा थाने में तीन अज्ञात पर केस दर्ज कराया। घटना मंगलवार की है। पीड़ित ने बताया कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा में पैसे जमा करने के लिए पर्ची भर रहे थे। तभी तीन लोग आए और बैंक से बाहर ले गए। तीनों ने बैंक में खाता नहीं होने की बात कह खुद के खाते में तीन लाख रूपए जमा कराने का आग्रह किया। तीनों ने उनके एक लाख रूपए ले लिए और एक रूमाल में एक बंडल थमाते हुए तीन लाख रूपए होने की बात कही। उन्होंने जब बैंक में जाकर रूमाल खोला तो उसमें कागज का बंडल था। वह फौरन बाहर आए, लेकिन तीनों ठग फरार हो चुके थे।

चतरा में प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या

चतरा । सिमरिया थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग में एक महिला की हत्या कर दी गई। सिमरिया पुलिस ने इस मामले में बुधवार को आरोपित प्रेमी बीरेंद्र दास को गिरफ्तार किया है। बीरेंद्र हजारीबाग जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत बसरिया गांव का रहने वाला है और वह सिमरिया राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है। मृतका रेखा देवी पत्नी लक्ष्मण दास हजारीबाग जिले के पदमा गांव की रहने वाली थी और उसका मायका बरकट्ठा है। उसके दो पुत्र हैं। बड़ा 7 वर्ष और छोटा पांच वर्ष का है। उसका पति चेन्नई में मजदूरी का काम करता है। सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि मंगलवार की रात सिमरिया रेफरल अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति महिला का इलाज कराने अस्पताल पहुंचा है लेकिन उसकी मौत हो चुकी है।

झारखण्ड की दुष्कर्म पीड़िता से गुजरात मिलने पहुंची मंत्री दीपिका पांडे सिंह, पहुंचायी आर्थिक मदद

संवाददाता

रांची । ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने झारखण्ड निवासी दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग बेटी से गुजरात के वड़ोदरा में मुलाकात कर उसका हाल जाना। मंत्री के साथ गई टीम ने ना सिर्फ बच्ची का हाल जाना बल्कि उसे आर्थिक मदद पहुँचाते हुए पीड़िता के परिजन को चार लाख रुपये का चेक भी सौंपा।प्रतिनिधिमंडल ने गुजरात सरकार से दुष्कर्म के आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। मंत्री दीपिका पांडे सिंह के साथ आईजी सुमन गुप्ता, डायरेक्टर सोशल

वेलफेयर किरण पांसी बच्ची से मुलाकात करने गुजरात गईं थीं।

यह है मामला

गुजरात के भरूच स्थित झघड़िया जीआईडीसी क्षेत्र में झारखण्ड निवासी एक नाबालिग बच्ची के साथ गत दिन दुष्कर्म हुआ था। जिसके बाद पीड़ित बच्ची का इलाज अंकलेश्वर अस्पताल से भरूच सिविल और फिर वडोदरा के एसएसजी अस्पताल में हो रहा है। मामले की जानकारी के उपरांत मुख्यमंत्री ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नेतृत्व में टीम को वडोदरा भेज बच्ची को मदद पहुंचाया। मालूम हो कि राज्य में रह रहे तथा प्रवासी झारखण्डवासियों के प्रति झारखण्ड सरकार हमेशा संवेदनशील रही है। फिलहाल आरोपी को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

बिनोद बाबू के सपनों का झारखंड बनाने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा : सुदेश

संवाददाता

रांची । झारखंड आंदोलन के प्रणेता धरतीपुत्र बिनोद बिहारी महतो के सपनो का झारखंड बनाने के लिए हमारा संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। उनकी सोच और परिकल्पना के आधार पर संगठित, शिक्षित, स्वाभिमानी समाज के निर्माण के लिए काम करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने स्व. बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर बलियापुर स्थित उनकी समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।बाबू बिनोद बिहारी महतो की दूरदर्शिता, उनकी समाज को जोड़ने की अपार क्षमता, और राजनैतिक सीमाओं से आगे बढ़ने के उनके दृष्टिकोण ने झारखंड को नई पहचान और दिशा दी है। हम उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए उनके सपनों का प्रदेश बनाने का संकल्प लेते हैं।इस मौके पर उन्होंने बिनोद बाबू के संघर्ष को याद करते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन को एक नई रफ्तार देने, समाज की बुराइयों को दूर करने, लोगों को शिक्षित करने और विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए वे अजीवन संघर्षशील रहें। उनके नेतृत्व में ही झारखंड अलग राज्य आंदोलन मजबूत हुआ जिसे आजसू पार्टी ने मुकाम तक पहुँचाने का काम किया था। वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंने सभी वर्ग व समुदाय को एकजुट कर झारखंड आंदोलन मजबूत करने का काम किया। वो किसी खास समाज के नहीं बल्कि जन जन के नेता थे। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा आज राज्यभर में बाबू बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

संसद में गूंजा मगध आम्रपाली में हो रही दुर्घटनाओं का मामला

संवाददाता

चतरा । चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने बुधवार को मगध आम्रपाली कोल परियोजना के कारण हो रही सड़क दुर्घटना का मामला लोकसभा में तारांकित प्रश्न में उठाया है। सांसद ने कोयला मंत्री से सवाल किया कि क्या सरकार आम्रपाली मगध कोयला खदानों से सार्वजनिक सड़क से अवगत हैं। इसके कारण लगातार दुर्घटनाएं होती है। भारी वाहनों की चपेट में आने से एक हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी है। इस मामले में उन्होंने कोयला मंत्री से जवाब मांगा है। उन्होंने यह सवाल किया कि क्या इन दुर्घटनाओं से प्रभावित परिवारों के लिए मुआवजा नीति लागू की गई है या नहीं या लागू किये जाने की योजना है। उन्होंने मंत्री से यह भी पूछा कि क्या ऐसी मौतों के लिए सीसीएल या परिवहन कंपनियों को जिम्मेवार ठहराने के लिए कोई उपाय किए गए हैं। इधर सांसद में मामला उठने से स्थानीय लोगो में एक उम्मीद जगी है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि सांसद ने जनता की आवाज को सदन में उठाने का काम किया है। निश्चित ही सड़क दुर्घटना से लोगों को निजात मिलेगी।

दो पिकअप वैन से 1.61 करोड़ का 1079 किलोग्राम अवैध डोडा जब्त

संवाददाता

खूंटी । पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर खूंटी थाना क्षेत्र के सिलादोन और चामड़ी गांव के बीच बुधवार को पुलिस ने अवैध डोडा से लदे दो पिकअप वैन को पकड़ लिया। पकड़े गए दोनों पिकअप वैन में कुल 78 बोरों में 1079 किलोग्राम डोडा लदा हुआ था, जिसे वाहन सहित जब्त कर खूंटी थाना लाया गया। जब्त किए गए डोडा का बाजार मूल्य एक करोड़ 61 लाख रुपये आंका गया है। बताया गया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान दोनों वाहनों के चालक वाहन से कूद कर भागने में सफल रहे। इस संबंध में खूंटी थाने में मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी अभियान में खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार सहित खूंटी थाना के अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।

उत्कृष्ट एवं आदर्श विद्यालय के प्रबंधन समिति सदस्यों का प्रशिक्षण सम्पन्न

देवघर। झारखंड शिक्षा परियोजना देवघर के द्वारा उत्कृष्ट एवं आदर्श विद्यालय के प्रबंधन समिति सदस्यों का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण आर. मित्रा उत्कृष्ट विद्यालय,देवघर

के सभागार में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का विधिवत आरंभ एपी ओ रानू बॉस डीजीसीआभा मंडल एवं डायट संकाय सदस्य डॉ.परशुराम तिवारी,डॉ.इति कुमारी एवं अनुभूति,जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों के सचिव एवं अध्यक्ष के संयुक्त करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रथम सत्र में मास्टर ट्रेनर डॉक्टर परशुराम तिवारी द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य,गठन तथा दायित्वों की विधिवत चर्चा की गई। इसमें बताया गया कि उच्चतर विद्यालय में प्रबंधन समिति सदस्यों की कुल संख्या 19 एवं प्राथमिक विद्यालय में प्रबंधन समिति की संख्या 16 होनी चाहिए। इसमें यह भी सुनिश्चित होना चाहिए। यदि कोई सदस्य तीन दिन बैठक में अनुपस्थित रहता हो तो किसी नए सदस्य का चुनाव किया जाना चाहिए। साथ ही प्रबंधन समिति में 50त्न संख्या बल महिलाओं का होना चाहिए। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मेरा विद्यालय मेरा अभियान संकाय सदस्य अनुभूति कुमारी द्वारा लिया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां उस विद्यालय के प्रणभूत होते हैं। समय-समय पर समिति सदस्यों के सहयोग से इसे और भी जीवंत बनाए जाना चाहिए। इसी प्रकार जिले के महत्वपूर्ण शैक्षिक योजना प्रोजेक्ट रेल पर चर्चा करते हुए मास्टर ट्रेनर डॉ.इति कुमारी ने परीक्षा की समुचित क्रियान्वयन को लेकर बताया कि परीक्षा में बच्चों की सत प्रतिशत उपस्थित होनी चाहिए।

गणेश कला मंदिर में शोक सभा आयोजित

देवघर संताल एक्सप्रेस । शिवगंगा तट स्थित गणेश कला मंदिर के मुख्य ट्रस्टी पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णानंद झा के निधन के कारण शोक सभा का आयोजन किया गया। संरक्षक मंडल के वरीय सदस्य मोतीलाल द्वारी के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने डॉ. झा की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना की। इस अवसर पर सर्वेश्वर दत्त द्वारी,दुर्लभ मिश्र,बिनोद दत्त द्वारी,प्रो.अनिल कुमार झा,प्रेमनाथ पांडेय,झलकु मिश्र,राजेन्द्र मिश्र,मनोज चरण द्वारी,विजय कुमार झा,गोरेलाल पांडे,खीरा श्रृंगारी,कन्हैया खवाड़े,पप्पू मिश्र,विजय भगत समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

22 को चौकीदार नियुक्ति की परीक्षा दस केन्द्रों पर होगी

देवघर। डीसी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि जिले में आगामी 22 दिसंबर को चौकीदार नियुक्ति की परीक्षा कुल दस केन्द्रों पर होनी है। ऐसे में अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा का समय डेढ़ घंटे तक (01 बजे अपराह्न से 2ः30 बजे अपराह्न) तक निर्धारित किया गया है। साथ ही अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसमें चौकीदार नियुक्ति की परीक्षा ओएमआर सीट पर होना है।.प्रश्नों के जवाब ओएमआर सीट पर गोला बनाकर देना है।.प्रश्नों के जवाब हेतु ब्लैक बॉल कलम का उपयोग करना है। अन्य कलर के पेन व पेंसिल का उपयोग वर्जित हैं।.ओएमआर सीट पर जवाब के अलावा किसी भी प्रकार का निशाना या दाग बनाना वर्जित है।.ओएमआर सीट पर अभ्यर्थी अपने रॉल नंबर और आवश्यक डिटेल स्वयं भरेंगे।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 114 शिकायतें दर्ज, 80 का ऑन-द-स्पॉट निपटारा

पलामू : जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में पलामू जिले के नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के समक्ष शिकायतकर्ताओं की शिकायतें दर्ज की गईं। दिन भर में जिले में 114 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 80 मामलों का तत्काल ऑन-द-स्पॉट निपटारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक की अवधि में कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें मुख्यतः जमीनी विवाद के 36 मामले, कांड से संबंधित 09 मामले अन्य प्रकार के 28 मामले शामिल रहे। इसी तरह दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच की अंतिम रिपोर्ट के अनुसार कुल 41 शिकायतें दर्ज की गईं, जिसमें जमीनी विवाद के 20 मामले, कांड से संबंधित 03 मामले एवं अन्य प्रकार के 18 मामले दर्ज किए गए। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, शिकायतकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों को धन्यवाद दिया और आश्वस्त किया कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।

नाबालिग से दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

गिरिडीह । नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी युवक को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया है। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक सिकंदर सिंह को जिले के बिरनी थाना क्षेत्र स्थित उसके घर से दबोच उसे जेल भेजा है। वहीं पुलिस इस दुष्कर्म कांड के अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

बता दें जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में सोमवार की शाम स्कूल से लौट रही एक 15 वर्षीय नाबालिग को चानो निवासी सिकंद सिंह तथा उसके दो दोस्तों ने घात लगाकर अगवा किया। फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। देर होने पर खोज में निकले परिजनों ने पीड़िता को सड़क किनारे बेहोशी की अवस्था मे पड़ा पाया। आनन फानन में परिजन उसे अस्पताल पहुंचा। जहां इलाज के बाद नाबालिग ने अपने साथ हुई सारी घटना के बारे में परिजनों को बताया। पीड़िता ने मंगलवार को थाना में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई।

देवघर पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

थाना प्रभारी सार्वजनिक और जनहित से जुडे मामलों पर करें कार्रवाई नहीं तो उनके खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

संताल एक्सप्रेस संवादादता

देवघर। पुलिस प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आरके मिशन स्कूल के सभागार में बुधवार को आयोजित हुआ, जिसे एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग,अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह और यातायात डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। यह आयोजन जनता की समस्याओं को सुनने, उनका समाधान करने और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के लिए था। कार्यक्रम में एसपी ने विभिन्न शिकायतों के समाधान के लिए सभी थाना अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था। एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग,अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार सिंह और यातायात डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान,पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों को बताया कि पुलिस का कार्य जनता के सुरक्षा, उनकी समस्याओं का समाधान करना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनता ने बारी-बारी से अपनी शिकायतें एसपी के समक्ष रखीं। पीड़ितों ने अपनी समस्याओं को सुनने के बाद संबंधित थाना प्रभारी और अंचल निरीक्षक से मामले की जानकारी ली। साथ ही एसपी ने सभी मामलों में शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया।

पिछले महीने के शिकायत समाधान परिणाम

पिछले महीने में आयोजित कार्यक्रम में कुल 41 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 40 शिकायतों का समाधान तत्काल किया गया, जो पुलिस की कार्यक्षमता और त्वरित कार्रवाई को दर्शाता है।

प्रमुख मुद्दों पर कार्रवाई के निर्देश

बुधवार को एसपी ने कई गंभीर मुद्दों पर कार्रवाई के लिए संबंधित थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए। इनमें तीन तलाक, नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त और मनचलों के खिलाफ कार्रवाई के मामले शामिल थे।

तीन तलाक का मामला

एक मुस्लिम महिला ने तीन तलाक से संबंधित मामला उठाया। महिला ने एसपी को बताया कि उसे उसके पति ने तीन तलाक दे दिया है। एसपी ने नगर थाना प्रभारी और महिला थाना प्रभारी से मामले की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पीड़ित महिला को आश्वस्त किया कि मामले की जांच स्वयं करेंगे और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बरहेट में युवक का शव मिला,परिजनों ने हत्या की आशंका जतायी

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत भागाबांध के सहराज घुटु बहियार से मंगलवार को बरामद हुए युवक के शव का बुधवार को शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान उसका बड़ा भाई नासिर अंसारी ने बरहेट थाना क्षेत्र के हड़वाडीह गांव के रहने वाले मनीर उद्दीन का पुत्र रमजान अंसारी के रूप में की है। मृतक के भाई के अनुसार रमजान अंसारी 16 दिसंबर की रात घर से बिना कुछ बताये निकला था। इसके बाद परिजन अपने स्तर काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नही चला। परिजनों ने संबंधित थाना में भी इसकी शिकायत की। मृतक का भाई ने हत्या का आशंका जताते हुए कहा कि किसी ने उसे मारकर फेक दिया होगा। लेकिन रमजान अंसारी का किसी के साथ कोई दुश्मनी नही था। आखिर कौन उसे मार सकता है? जबकि वे ज्यादातर परदेस में ही रहता था। मृतक के भाई ने भी बताया कि वे बरहेट के संथाली टोला के रहने वाले एक युवक के साथ अधिक घूमता था। आखिर उसकी मौत का जिम्मेदार कौन है वे जांच की मांग की है। वही मृतक तीन भाई में सबसे छोटा था। जबकि कूल छह बहन है। इसमे छोटी बहन की अबतक शादी नही हुई है। इधर शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मुखिया ने ग्राम सभा आयोजित की

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। सदर प्रखंड के पंचायत गंगा प्रसाद पश्चिम मध्य के मुखिया कंचन कुमार की अध्यक्षता में छोटी कोदरजन्ना पंचायत भवन के समीप बुधवार को ग्राम सभा की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से रोजगार सेवक प्रवीण कुमार एवं पंचायत सचिव सीता कुमारी उपस्थित रहे। कोई उपस्थित ग्रामीणों ने पंचायत सचिव सीता कुमारी के कार्य शिथिलता पर पुरजोर विरोध किया। कई महिलाओं ने आंगनबाड़ी सेविका द्वारा मैया सम्मान योजना को लेकर अवैध रूप से दो सौ रुपए लेने की बात भी कहीं। मुखिया कंचन को मारने संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सभा में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण उपस्थित रहकर गांव की कार्य योजना को बनाएं।वहीं उन्होंने स्थानीय स्वशासन की परिभाषा को विस्तार पूर्वक बताया। मौके पर वार्ड सदस्य हकीम, सद्दाम, कामरान अहमद ,तारीक, गजाला प्रवीण निषाद आलम, ग्रामीण क्यों मकरम सफनुल हक, राजू ,तेहारत, शोभा खान, इसराइल ,इजहार हुसैन ,मोहम्मद असलम, मुन्ना, जफर, रमजान अली ,मोहम्मद नेहाल ,सैफ अहमद ,नौशाद एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

दिव्यांगता जांच शिविर में 214 दिव्यांगजनों की जांच की गयी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर(पाकुड़)महेशपुर प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में बुधवार को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डीसी मनीष कुमार, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल एवं चिकित्सकों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस शिविर में डॉ शाहबाज हुसैन, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ तापस मुर्मू, डॉ सदानंद के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए दिव्यांग जनों की जांच की गई। जांच के बाद सभी दिव्यांगों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। मौके डीसी ने कहा कि यह शिविर दिव्यांग जनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा और उनकी जिंदगी में सुधार आ सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र के आधार पर ही दिव्यांगजन सरकारी लाभ का फायदा उठा सकते है। दिव्यांगों को सरकार के द्वारा कई तरह के लाभ दिए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों के अपने कार्य के प्रति पूरे लगन एवं मेहनत के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी बेहतर कार्य करेंगे उसे सम्मानित भी किया जाएगा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य केंद्र में जो भी दवा उपलब्ध है, संबंधित मरीजों को देना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ यादव, अंचलाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, प्रभारी डॉ सुनील कुमार किस्कु, शैलेश कुमार, अजय कुमार, ज्योतिष पासवान, मनीष कुमार, राजेश रंजन के अलावे अन्य मौजूद थे।

दिनेश यादव ने समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ली

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज सूबे के श्रम विभाग मंत्री संजय प्रसाद यादव अपने दो दिवसीय दौरे में देर शाम साहिबगंज पहुंचे।कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया।इसके उपरांत मंत्री सर्किट हाउज़ पहुंचे जहां उनसे मिलने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस बीच सकरीगली निवासी दिनेश यादव ने अपने सर्मथकों के साथ मंत्री के समक्ष राजद पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मंत्री संजय यादव ने दिनेश यादव को पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव,पार्टी के प्रदेश महासचिव राजकिशोर यादव,प्रदेश सचिव मुन्ना यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आईजी ने किया उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/ पुलिस विभाग के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का बुधवार को उद्घाटन हुआ। साहिबगंज अनुमंडल के टाउन हॉल में मिर्जाचौकी, मुफ़स्सिल, नगर थाना, जिरवाबाड़ी व बोरियो थाना, राजमहल अनुमंडल के राजमहल टाउन हॉल, राधनागर, तीनपहाड़ व तालझारी थाना, बरहरवा अनुमंडल के पतना ब्लॉक सेमिनार हॉल में कोटालपोखर, बरहरवा, रांगा व बरहेट थाना क्षेत्र के लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए शिविर लगाया गया। इधर मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में दुमका आईजी कांति कुमार गड़देशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्या, मानव तस्करी, डायन प्रथा, एससी-एसटी एक्ट में तहत साइबर अपराध, चिट फंड, नशीले पदार्थों का सेवन व उत्पाद से जुड़ी समस्याओं सहित अन्य समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त विक्टिम कंपनसेशन स्कीम, डायल 112, डायल 1930, जीरो एफआईआर, ऑनलाइन एफआईआर, नशीले पदार्थों का सेवन एवं उत्पादन पर रोकथाम के संबंध में जागरूकता अभियान भी चालया गया। एसपी ने बताया कि साहिबगंज टाउन हॉल में मिर्जाचौकी थाना से मुफ़स्सिल से नगर से जिरवाबाड़ी से बोरियो से एससी एसटी थाना से महिला थाना से व आहतु थाना से सहित कुल मामले आये। राजमहल टाउन हॉल में राजमहल से राधानगर तालझारी तीनपहाड़ से महिला थाना सहित मामले एवं पतना ब्लॉक सेमिनार हॉल में बरहरवा के कोटालपोखर के रांगा के बरहेट के सहित कुल एवं सभी थानों से कुल मामले सामने आए। इनमें से लगभग मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया है। बाकी मामलों पर संज्ञान लिया गया है। एसपी ने बताया कि जन शिकायत समाधान के लिए साहिबगंज में भी एक सेल का गठन किया गया है। इसका प्रभारी डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को बनाया गया है। वहीं को सदस्य बनाया गया है। लोग व्हाटसअप नंबर 9470591082, 9955576056 व ईमेल आईडी जे एएनएस आई के एवाई एटी-एसएएचईबीजएएनजीञ्चजेएचपीओ एलआईसीई.जीओवी.आईएन पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

मौके पर डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की, इंस्पेक्टर अमित गुप्ता व अन्य मौजूद थे।

सुनील यादव संगठन मंत्री सह महासचिव के पद पर हुए मनोनीत

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज भारतीय हालदार किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव और ज़िला अध्यक्ष लक्षण गोप की संस्तुति पर राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता सह बिहार-झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ शैलेश कुमार ने शोभनपुर भट्ठा निवासी सुनील यादव को जिला मुख्य संगठन मंत्री सह उत्तरी-पश्चिमी प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। आपको बताते चलें कि सुनील यादव विधानसभा चुनाव में राजमहल विधानसभा से प्रत्याशी रह चुके है। तथा वर्तमान में जिला परिषद उपाध्यक्ष के पद पर हैं। सुनील यादव में किसान हितार्थ कार्यकुशलता को देखते हुए राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता सह बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ शैलेश कुमार गिरि ने सुनील यादव को साहिबगंज जिला का मुख्य संगठन मंत्री सह उत्तरी-पश्चिमी प्रदेश महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा है कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि नव मनोनीत सुनील यादव भारतीय हलधर किसान यूनियन के निति व सिद्धांतों के अनुरूप पूरे साहिबगंज जिले में संगठनात्मक विस्तार में युद्धस्तर पर अपने कार्यदक्षता को अवश्य प्रमाणित करेंगे तथा साथ ही साथ उतरी पश्चिमी झारखंड प्रदेश में भी अपने पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन बखूबी करेंगे। सुनील यादव ने अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र सोलंकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी डॉ शैलेश कुमार गिरि, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि हमलोग भारतीय हलधर किसान यूनियन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और साहिबगंज और उतरी पश्चिमी झारखंड के किसानों के हित में भाकियू हलधर के वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार काम करेंगे। सुनील यादव को भाकियू हलधर में जिला मुख्य संगठन मंत्री साहिबगंज तथा उतरी पश्चिमी प्रदेश महासचिव बनने पर भाकियू हलधर बिहार व झारखंड से प्रदीप कुमार गिरि - प्रदेश संयोजक , संजय पांडे, बिनय कुमार भारतीय - सारण प्रमंडल अध्यक्ष, बिनोद मांझी, प्रमोद कुमार मंडल (पूर्वमुखिया) गोपाल सिंह, श्याम बिहारी मंडल, विश्वनाथ सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)थाना क्षेत्र के लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क नवाडीह के समीप मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सोनाजोडी गांव निवासी शिवचरण मुर्मू 33 अपने मोटरसाइकिल से कुटलो विद्यालय के हॉस्टल में रह रहे अपने बच्चे से मुलाकात घर वापस लौट रहा था।नवाडीह के समीप किसी अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गया। पुलिस के रात्रि गस्ती दल द्वारा उठाकर उसे हॉस्पिटल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया अज्ञात वाहन की चपेट में आने एक व्यक्ति की मौत हो गया है। शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया गया है।मामले की जांच किया जा रहा है।

भाकपा माले ने मनाया शहीद दिवस

कुंडहित (जामताड़ा) ÷ वुधवार को कुंडहित भाकपा माले पार्टी कार्यालय में शहीद दिवस मनाया। कामरेड विनोद मिश्रा का 26 वां एवं कॉमरेड विनोद बिहारी महतो का 33 वां स्मृति दिवस के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड सचिव सोमलाल मिर्धा के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान दोनों शहीद कॉमरेड़ों को सबसे पहले पुष्पांजलि अर्पित कर कामरेड सुशील मुर्मू ने झंडात्तोलन किया एवं एक मिनट का मौन रखा गया। वहीं उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्रखंड सचिव सोमलाल मिर्धा ने कहा कि इतिहास में बड़े-बड़े सवाल हमेशा सड़कों की लड़ाइयां का हल होता है जो फासीवाद खतरे के खिलाफ लड़ाई तेज करना और जल जंगल जमीन की लड़ाई को तेज करना है शहीद कामरेड के बातों एवं उनकी आवाज, सपनों जो गरीब मजदूर को मजबूती से उनकी आवाज बुलंद करना होता है बताया कि कामरेड विनोद मिश्रा के अधूरे सपने क्रांतिकारी मार्क्सवाद के लाल झंडे को मजबूती से बुलंद करने वाली एक मजबूती से गरीबों का शक्तिशाली आंदोलन और भगवा साजिश के खिलाफ हर क्षेत्र में पहला करना और हमें फासीवाद हमले को रोकने के लिए लंबे समय तक चलने वाले और मजबूत जन आंदोलन की जरूरत है। मौके पर प्रखंड सचिव कामरेड सोमलाल मिर्धा के अलावे लखींद्र मिर्धा, सुशील मुर्मू, गणेश टुडू, पवन टुडू, विनोद हेंब्रम, ममता राणा, आशा मिर्धा, मुकुली मुर्मू, सूरज मिर्धा, समीर राणा, अमित पाल आदि उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच किया गया स्वेटर का वितरण

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। सदर प्रखंड के पंचायत गंगा प्रसाद पश्चिम मध्य स्थित छोटी कोदरजन्ना वार्ड संख्या 4 के आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से झामूमो जिला कार्यकारी सदस्य सह ग्राम पंचायत सदस्य कामरान अहमद उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ठंड को देखते हुए विभाग से प्राप्त निर्देश पर बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका, सहायिका एवं अन्य उपस्थित थे।

कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने की मंत्री से मुलाकात,रोजगार उद्योग पर चर्चा

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज नए परिसदन में बुधवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग तथा उद्योग विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव से कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय यादव ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने मंत्री को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।इसके बाद कुछ देर तक जिला अध्यक्ष ने मंत्री संजय यादव से जिले के राजनीतिक परिवेश पर चर्चा की। इसके अलावा यहां रोजगार के अवसर,उद्योग लगाने,कल कारखाने लगाने पर चर्चा किया। वहीं रोजगार के लिए पलायन कर रहे मजदूरों को यहां रोकने के लिए नई नीति व व्यवस्था बनाने की मांग की।इसपर मंत्री ने जिलाअध्यक्ष को आश्वस्त किया है कि जल्द ही इन बिंदुओं पर सकारात्मक पहल की जाएगी। ताकि यहां के लोगों के लिए रोजगार का नया अवसर खुल सके।

डॉ अनिल कुमार को सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस अवार्ड

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार को केमिकल साइंस इंटरनेशनल जनरल द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस रिव्यूइंग से डॉ0 एस0 बी0 मंडल, चीफ मैनेजिंग एडिटर ने नवाजा। डॉ कुमार को जनरल का फार्मेसी एंड फार्मास्यूटिकल रिसर्च में एडिटोरियल बोर्ड के सदस्य के लिए चुना गया एवं ब्राज़ीलियन जनरल में इंटरनेशनल एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य के रूप में भी चुना गया। प्राचार्य एसआर आई रिजवी ने कहा कि यह डॉ कुमार की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत रिसर्च के प्रति समर्पण का ही फल है। यह उपलब्धि भविष्य में डॉ कुमार को नई ऊंचाई तक ले जाएंगे और साहिबगंज महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। डॉ प्रमोद, डॉ ध्रुव ज्योति सिंह, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद, डॉ अवस्थी, डॉ संजीव, डॉ राधा सिंह, डॉ धर्मेंद्र ने डॉ कुमार को बधाई दी।ज्ञात हो कि डॉ कुमार ने अब तक 120 से ज्यादा शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित कर चुके हैं। डॉ कुमार गरीब छात्रों को अपने यूट्यूब चैनल ÷हॉटस्पॉट केमेस्ट्री बाय डॉक्टर अनिल कुमार÷ के माध्यम से मुक्त रूप से केमिस्ट्री के ज्ञान से लाभान्वित कर रहे हैं। डॉ कुमार को अनेक अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी यह उपलब्धि साहिबगंज के लिए गौरव की बात है। डॉ कुमार की उपलब्धि से स्नातक एवं स्नातककोत्तर के छात्रों में हर्षोल्लास का माहौल छाया हुआ है।

लोगों को राज्य में ही रोजगार मिले ,सरकार बना रही है योजनाः श्रम मंत्री

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। सूबे के श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सर्किट हाउस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए राजस्व की जरूरत है। ताकि उद्योग व कल कारखाने स्थापित कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। राज्य के लोगों का पलायन रोकने के मुद्दे को सरकार ने गंभीरता से लिया है। लोगों को राज्य में ही रोजगार मिले इसके लिए सख्ती से काम किया जा रहा है। जो आने वाले समय में दिख जाएगा। सीएम हेमंत सोरेन ने सभी मंत्री को टास्क दिया है। 2 महीने में 24 जिला घूम कर अफसर के साथ रिवीयू कीजिये। ब्लॉक घूम आम लोगों से मिल समस्या जानें। जनता मालिक है, उनकी समस्या का निदान करने के लिए सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। महंगाई सहित सभी बिंदुओं पर काम करेंगे। बिचौलिया पद्धति पसंद नहीं। लोन, सब्सिडी व जमीन लेकर भागने वाले को ढूढ़ कर जेल भेजने का काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कल कारखने व उधोग लगाने के लिए उद्योग विभाग से ज़मीन की उपलब्धता व अन्य जानकारी ली गई है। वहीं मजदूरों के उत्थान को लेकर भी सरकार गंभीर है। मानव तस्करी पर पूरी तरह लगाम लगाया जाएगा।

बैंक ऑफ इंडिया नए भवन का हुआ उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)खादी ग्राम उद्योग परिसर में बैंक ऑफ इंडिया करियोडीह नए बैंक भवन का उद्घाटन बुधवार को आंचलिक प्रबन्धक विकास रंजन पटनायक ने नारियल फोड़ कर व फीता काटकर किया। इस अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र के बैंक के ग्राहकों व ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए पटनायक ने कहा बैंक ऑफ इंडिया का भारत वर्ष में टॉप सिक्स में स्थान है। यह बैंक सरकारी बैंक है और पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत है। टोटल काम ऑन लाइन होता है।उन्होंने कहा यह बैंक बीमा भी करती है। साथ केसीसी ऋण देने में अवल है। किसान अपना ऋण माफ करना चाहती है तो साल में दो बार ऋण की राशि को खाता में पलटी करना होगा। केसीसी ऋण में केंद्र व राज्य सरकार सात फीसदी सब्सिडी पर बैंक को राशि देती है उसके आधार पर ऋण माफ होता है। उन्होंने कहा बैंक में डिपॉजिट करने से एक मोटी रकम अच्छी मिलती है। पटनायक ने कहा बैंक ग्राहकों की सेवा के लिए खोला गया है। यहाँ किसी भी प्रकार वित्तिय अनियमितता नही होती है। साइबर ठंग से बचने का भी नसीहत ग्राहकों दिया। मौके पर झामुमो के जिलाउपाध्यक्ष सह बैंक के वरिष्ठ ग्राहक समद अली ने कहा बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से क्षेत्र के सेकड़ो किसान व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं लाभान्वित होकर अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वयं का व्यवसाय चला रहा है।यहां बैंक खुलने से लोग महाजन से ऋण न लेकर बैंक से कम इंटरेस्ट में कर्ज लेकर अपना धंधा पानी कर घर परिवार का भरण पोषण कर रहा है। मौके पर समद अली, बीएम काजल कुमार,बीएम विकास कुमार भगत ,खादी ग्राम के सचिव कैलाश भगत,ऋषिराज व जनमजेय बाउरी, हरेंद्र साहा,उदय साहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

सीएस ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, दिया कई दिशा निर्देश

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज। जिले के बड़े सदर अस्पताल में सीएस डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने बुधवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। वही निरीक्षण के दौरान पुराना नवोदय स्कूल की तीन बच्ची ने सीएस से शिकायत की है कि ओपीडी बैठे शिशु रोग विशेषज्ञ ने उसे नही देखा। जबकि एसएनसीयू वार्ड में भी डॉक्टर नही है। इसपर सीएस ने संज्ञान लेते हुए ओपीडी में मौजूद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. फरोग हसन को फटकार लगाते हुए बच्ची का इलाज करने का निर्देश दिए है। इसके अलावा उन्होंने आईपीडी, ओपीडी, ब्लड बैंक आदि वार्डो का जायजा लेते हुए डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए है। अस्पताल में होने वाली समस्याओं के बारे में अस्पताल मैनेजर यशवंत राव से आवश्यक जानकारी लिए। सीएस ने कहा कि अस्पताल मैनेजमेंट का पूरा ख्याल रखना है। यहां आने वाले मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन की जिम्मेदारी है। ताकि मरीजो को अस्पताल के प्रति विश्वास बढ़े। मौके पर प्रशासनिक डीएस डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. तबरेज आलम, डॉ. फरोग हसन आदि थे।

मशीन की ध्वनि से ऑनलाइन पढ़ाई में छात्र को हो रही बाधा उत्पन्न पुलिस में शिकायत

संताल एक्सप्रेस उधवा।राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत मनिहारी टोला गांव के एक छात्र को पढ़ाई में हो रही बाधा को लेकर स्थानीय पुलिस से न्याय की गुहार लगाया है। पुलिस को आवेदन देकर किशोर कुमार मंडल ने बताया है कि उसके घर से सटे सरत मंडल का धान कुटाई मशीन है। वे एक छात्र है। ऑनलाइन पढ़ाई करने के दौरान मशीन की जोरदार ध्वनि से उसके ऑनलाइन पढ़ाई में बाधाएं उत्पन्न होती है। जिससे पढ़ाई पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। मशीन के ध्वनि से घर के दीवार फट गए है। समस्या को लेकर गांव के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य को अवगत कराया गया लेकिन समस्या का अभी तक समाधान नहीं हो सका है। संचालक को कई बार दूसरे जगह मशीन सिफ्ट करने के लिए बोलने पर भी अब तक शिफ्ट नही किया है। समस्या को लेकर वे मानसिक रूप से बहुत परेशान है। वही पुलिस को आवेदन देकर तत्काल वैकल्पिक समाधान करने की मांग की है।

21 और 22 दिसंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज/ साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच के द्वारा आयोजित होने वाला राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के स्थान में परिवर्तन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की 21 और 22 दिसंबर को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय कवि सम्मेलन कार्यक्रम अब उत्सव बैंकट हॉल में आयोजित किया जाएगा. यह कार्यक्रम पूर्व में अयोध्या धाम साहिबगंज में आयोजित किया जाना था। परंतु कुछ कारणवश स्थान परिवर्तन करना पड़ा. महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 21 दिसंबर शनिवार को राजमहल विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव एवं साहिबगंज के डीसी हेमंत सती के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 9 हिंदी भाषी राज्यों से साहित्यकार अपनी रचना की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा साहिबगंज शहर से भी बाल साहित्यकार एवं अन्य साहित्यकार की प्रस्तुति होगी. कार्यक्रम का समापन 22 दिसंबर रविवार को कियाजाएगा जिसमें साहिबगंज शहर में अलग-अलग क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले पांच नागरिकों को विशेष प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिसमें रक्तदान के क्षेत्र में सबसे अधिक रक्तदान करने वाले प्रशांत शेखर संगीत और कल के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली सेवानिवृत शिक्षिका प्रभा भादुडी कल के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले श्याम विश्वकर्मा और अमृत प्रकाश के अलावा सड़क सुरक्षा क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाले ओमप्रकाश पंडित शामिल है।

अमेरिकी अदालत में रिश्वत का खुलासा और भारत सरकार की चुप्पी

भारत की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रष्टाचार के मामलों के कारण चर्चा में है। हाल ही में अमेरिकी अदालतों में भारतीय कंपनियों और सरकारी संस्थाओं से जुड़े भ्रष्टाचार के खुलासे ने देश की साख पर बट्टा लगा दिया है। अमेरिका में जो रिश्वत के मामले सामने आए हैं, उनमें प्रमुख रूप से हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), और रेलवे विभाग का नाम शामिल है। विदेशी कंपनियों ने रिश्वत देकर भारत में ठेके हासिल किए हैं। अमेरिकी न्यायालय में ओरेकल कॉर्पोरेशन और अन्य कंपनियों ने भारतीय कंपनियों को रिश्वत देने की बात स्वीकार करते हुए भारी जुर्माना भरा है। अमेरिका में जुर्माना नहीं देने पर इन्हें जेल हो सकती थी। जो रिश्वत दी गई थी उसे तीन गुना ज्यादा जुर्माना भरकर अमेरिका की कंपनियों ने अपने आप को बचाया है। अमेरिका की अदालत में चले मामलों से स्पष्ट होता है। भारत में व्यवसाय करने के लिए मोदी सरकार आने के बाद भी रिश्वतखोरी अनिवार्य चलन का प्रतीक बन चुकी है। यह रिश्वत 2017 में भारत में दी गई थी। अमेरिका में दो से तीन वर्ष तक चली जांच के बाद कोर्ट में अमेरिका की कंपनियों ने जुर्माना भरकर समझौता किया है। चिंता की बात यह है, अमेरिका और अन्य देश भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। वहीं भारत में मोदी सरकार जो भ्रष्टाचार मुक्त शासन और प्रशासन की बात करती है, उस मोदी सरकार ने भारत में संबंधित अधिकारियों और संस्थानों पर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की है, और चुप्पी साध कर रखी है। बोफोर्स मामले में विदेश की एक अदालत में मामला उजागर होने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ा था, उसके बाद राजीव गांधी को सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। लेकिन अब इतने बड़े-बड़े मामले सामने आ रहे हैं। उसके बाद भी सरकार की चुप्पी आश्चर्यजनक है। भ्रष्टाचार भारत की प्रगति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी देश की अर्थव्यवस्था को दीमक की तरह चट करता है। समाज में असमानता और अविश्वास को बढ़ाता है। मोदी सरकार आने के बाद यह विश्वास बना था। सरकारी तंत्र में गहरी पैठ बना चुका भ्रष्टाचार पूरी तरह से समाप्त होगा। जनता की मेहनत की कमाई से मिले टैक्स के पैसे का दुरुपयोग खत्म होगा। देश का विकास तेज होगा, लेकिन जिस तरह की खबरें और जानकारी निकलकर सामने आ रही हैं उसके अनुसार मोदी राज में भ्रष्टाचार पहले की तुलना में और बढ़ गया है। सरकार और जांच एजेंसियों की निष्क्रियता पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। ऐसा प्रतीत होता है, भ्रष्टाचार के विरोध में कार्रवाई राजनीतिक लाभ-हानि को देख कर मोदी राज में हो रही है। विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप में तेजी से करवाई होती है। उन पर मुकदमे चलते हैं, उन्हें बिना जांच के जेल भेज दिया जाता है। जबकि सत्ताधारी दल के सदस्यों और समर्थकों के ऊपर जो आरोप लगते हैं उन पर सरकार कोई कार्यवाही नहीं करती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को राजनीतिक दायरे से बाहर निकालना होगा। भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी साख बचाये रखनी है। अपने नागरिकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाकर न्याय दिलाना है। तो पारदर्शिता, जवाबदेही, और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी। वैश्विक व्यापार संधि के बाद भारत का व्यापार दुनिया के सभी देशों के साथ हो रहा है। भारत के शेयर बाजार में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के निवेशक हैं। यह समय है, भारत अपनी छवि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए। जनता को भी भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़कों पर आना होगा।

महाकुंभ का आध्यात्मिक, वैज्ञानिक व आर्थिक महत्व

पंकज जगन्नाथ जायसवाल

आधुनिकता की उन्मत्त गति की विशेषता वाली दुनिया में, कुछ ही आयोजन ऐसे होते हैं जो लाखों लोगों को अपने से बड़े उद्देश्य की खोज में एकजुट करने की क्षमतारखते हैं। महाकुंभ मेला, 12 वर्षों की अवधि में चार बार होने वाला एक श्रद्धेय मेला, इस उद्देश का उदाहरण है।कुंभ मेला, दुनिया भर में सबसे बड़ा शांतिपूर्ण सम्मेलन है, जिसमें लाखों तीर्थयात्री आते हैं जो अपने पापों को शुद्ध करने और आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने के लिए पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं। तीर्थयात्री 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज की अपनी यात्रा की तैयारी करते हैं, वे आध्यात्मिक अनुष्ठानों की एक श्रृंखला में भाग लेंगे और एक ऐसी यात्रा पर निकलेंगे जो भौतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सीमाओं को पार करती है।

हर हिंदू उत्सव और अनुष्ठान के पीछे शास्त्रीय आधार होता है। उन्हें जोश और उत्साह के साथ-साथ एक ठोस वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक आधार के साथ सम्मानित किया जाता है ये सभी विशेषताएँ मिलकर किसी त्योहार को मनाने या अनुष्ठान करने का कारण प्रदान करती है। इन अनुष्ठानों का उद्देश्य किसी व्यक्ति को आध्यात्मिक मार्ग पर ले जाना है जहाँ वे पूर्ण मनोवैज्ञानिक संतुलन, नवीनीकरण और विश्राम प्राप्त कर सकें। महाकुंभ मेले के कुछ वैज्ञानिक तत्व इस प्रकार हैं- महाकुंभ मेला एक ऐसा उत्सव है जिसमें विज्ञान, ज्योतिष और आध्यात्मिकता का समावेश होता है। महाकुंभ की तिथियों की गणना वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करके की जाती है, जिनमें से अधिकांश ग्रहों की स्थिति का उपयोग करते हैं। जब बृहस्पति ग्रह ज्योतिषीय राशि वृषभ में प्रवेश करता है, तो यह सूर्य और चंद्र के मकर राशि में प्रवेश के साथ मेल खाता है। ये परिवर्तन जल और वायु को प्रभावित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रयागराज के पवित्र शहर में पूरी तरह से सकारात्मक वातावरण बनता है। बस उस पवित्र स्थल पर होना और गंगा में पवित्र डुबकी लगाना आध्यात्मिक रूप से आत्मा को प्रबुद्ध कर सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक तनाव कम हो सकता है। ज्योतिष- यह उत्सव तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति कुछ निश्चित स्थितियों में होते हैं।

नदी संगम- यह आयोजन नदी संगम पर होता है जहाँ सौर चक्र में विशिष्ट अवधियों में अद्वितीय शक्तियाँ कार्य करती हैं। जल- माना जाता है कि यह आयोजन जलमार्गों के ऊर्जा मंथन से जुड़कर शरीर (72त्न जल) को लाभ पहुँचाता है।

महाकुंभ मेला पूरे भारत से लोगों का एक विशाल जमावड़ा है जो पवित्र गंगा नदी में स्नान करने के लिए आते हैं। यह आयोजन ज्ञानसे भरा हुआ है और इसमें कई अनुष्ठान और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल हैं। कुंभ मेला न केवल दुनिया का सबसे बड़ा मानव समागम है, बल्कि आध्यात्मिक रूप से सबसे गहरा भी है, जो दुनिया भर से लाखों भक्तों, संतों और साधकों को आकर्षित करता है। प्रयागराज में अगला कुंभ मेला 2025 लोगों के लिए अपने आध्यात्मिक सार से फिर से जुड़ने, अपनी आत्मा को शुद्ध करने और सहस्राब्दियों से चली आ रही पवित्र यात्रा पर निकलने का एक अनूठा अवसर है। संक्षेप में, कई ग्रहों की स्थिति का हमारे ग्रह के जल और वायु पर प्रभाव पड़ता है। कुछ ग्रहों की स्थिति में, एक विशिष्ट समय के दौरान एक विशिष्ट स्थान के सकारात्मक ऊर्जा स्तर उच्च हो जाते हैं, जो आध्यात्मिक विकास और जागृति के लिए एक आदर्श वातावरण बनाते हैं।

कुंभ मेले का आर्थिक महत्व प्रधानमंत्री ने हाल ही में महाकुंभ 2025 की तैयारी के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कुल ?5,500 करोड़ की 167 विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। 11 भारतीय भाषाओं में श्रद्धालुओं की मदद के लिए बहुभाषी एआय-संचालित चैटबॉट, सह%ए%यक को पेश किया गया। लगभग 4,000 हेक्टेयर में फैले महाकुंभ में 40-45 करोड़ तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम बन जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार के आर्थिक सलाहकार केवी राजू का दावा है कि अनुमानित 45 करोड़ तीर्थयात्रियों के साथ, महाकुंभ से कम से कम 2 लाख करोड़ रुपये की आय हो सकती है। मुख्यमंत्री को सलाह देने वाले पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी ने अनुमान लगाया कि यदि प्रत्येक तीर्थयात्री 8,000 रुपये खर्च करता है, तो कुल आर्थिक गतिविधि 3.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है, जो इस आयोजन के विशाल वित्तीय महत्व को दर्शाता है।

वरिष्ठ पर्यटन विशेषज्ञों का मानना है कि मेले के बुनियादी ढांचे और संपूर्ण विश्व से आने वाले कई यात्री वर्षों तक पर्यटन को लाभ पहुचायेंगे। उन्नत सुविधाएं और कनेक्टिविटी क्षेत्र पर स्थायी प्रभाव डालेगी। सीआईआई की एक पुरानी रिपोर्ट के अनुसार, 2013 में हुए महाकुंभ से कुल 12,000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जिसमें हवाई अड्डों और होटलों के बुनियादी ढांचे में सुधार शामिल था, जबकि 2019 में कुंभ मेले से कुल 1.2 लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। सीआईआई के अनुसार, हालांकि कुंभ मेला आध्यात्मिक और धार्मिक प्रकृति का है, लेकिन इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों ने 2019 में विभिन्न क्षेत्रों में छह लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया। योगी सरकार राज्य की पर्यटन अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त प्रयास कर रही है, जिसमें आने वाला महाकुंभ इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उम्मीद है कि इस शानदार आयोजन से संबंधित प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावनाओं से लगभग 45,000 परिवार लाभान्वित होंगे और विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोग लाभान्वित होंगे।

इतिहास की खोज- समय के साथ एक यात्रा कुंभ मेला, एक हिंदू तीर्थ मेला है, जो हर बारह साल में चार बार चार अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किया जाता है- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक। कुंभ मेला 2025 प्रयागराज में होगा, जहाँ पवित्र नदियाँ गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती संगम पर मिलती हैं। कुंभ मेले का इतिहास हज़ारों साल पुराना है, जिसका आरंभिक उल्लेख मौर्य और गुप्त काल (चौथी शताब्दी ईसा पूर्व से छठी शताब्दी ई.पू.) से मिलता है। प्रारंभिक मेलें, हालाँकि वर्तमान कुंभ मेले जितनी बड़ी नहीं थीं, लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप के सभी हिस्सों से तीर्थयात्रियों को आकर्षित करती थीं। हिंदुत्व के उदय के साथ मेले का महत्व बढ़ गया, गुप्त जैसे सम्राटों ने इसे एक प्रतिष्ठित धार्मिक सभा का दर्जा दिया। मध्यकाल के दौरान कुंभ मेले को कई शाही राजवंशों द्वारा समर्थन दिया गया था, विशेष रूप से चोल और विजयनगर साम्राज्यों द्वारा। उन्नीसवीं सदी में, ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासक जेम्स प्रिंसेप जैसे लोगों ने कुंभ मेले का दस्तावेजीकरण किया, जिसमें इसके अनुष्ठानिक अनुष्ठानों, विशाल सभाओं और सामाजिक-धार्मिक गतिशीलता का उल्लेख किया गया। इन साक्ष्यों ने समय के साथ कुंभ के विकास और स्थायित्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

स्वतंत्रता के बाद महाकुंभ मेले का महत्व और भी बढ़ गया, जो राष्ट्रीय एकता और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है।

2017 में यूनेस्को द्वारा मानव जाति की अमूर्त सांस्कृतिक संपत्ति के रूप में मान्यता प्राप्त कुंभ मेला आधुनिकता के सामने पारंपरिक परंपराओं के अस्तित्व और अनुकूलन का गवाह है। विविधता में एकता- महाकुंभ कई जातियों, पंथों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से लाखों लोगों को एक साथ लाता है, जिससे सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है। 2025 में महाकुंभ मेला सिर्फ़ एक मेले से कहीं ज़्यादा है; यह खुद की ओर एक यात्रा है। अनुष्ठानों और प्रतीकात्मक कर्मों से परे, यह तीर्थयात्रियों को आंतरिक विचारों में संलग्न होने और पवित्रता के साथ अपने संबंध को गहरा करने का अवसर देता है। आधुनिक जीवन की माँगों से भरी दुनिया में, महाकुंभ मेला एकजुटता, पवित्रता और ज्ञान के प्रतीक के रूप में सामने आता है। यह शाश्वत यात्रा एक मजबूत अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि मानवता के विविध मार्गों के बावजूद, हम मौलिक रूप से एकजुट हैं- शांति, आत्म-साक्षात्कार और पवित्रता के लिए एक अटूट सम्मान की एक आम खोज।सनातन धर्म में प्रत्येक आध्यात्मिक या धार्मिक गतिविधि का मानव और सामाजिक उत्थान से एक मजबूत संबंध है, जो सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता है और साथ ही हमें यह भी याद दिलाता है कि सनातन धर्म जातिगत भेदभाव में विश्वास नहीं करता है, जिससे लाखों लोगों को आर्थिक रूप से बढ़ावा मिलता है। महाकुंभ मेला 2025 में न केवल आध्यात्मिक जीवन को समृद्ध करने की क्षमता है,

बल्कि उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक आर्थिक विकास को भी गति देने की क्षमता है। अपने विशाल आकार और इससे पैदा होने वाली नौकरियों के साथ, इस आयोजन का उद्देश्य एक स्थायी विरासत छोड़ना है,

जो राज्य को वैश्विक आर्थिक केंद्र में बदल देगा। इस आयोजन का आर्थिक प्रभाव न केवल तात्कालिक है, बल्कि यह कई वर्षों तक क्षेत्र में पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करता रहेगा।

पाकुड़ की खबरें

प्रशासक ने जिले के सभी होल्डिंग टैक्स बकायेदारों से बकाया भुगतान करने की अपील की

पाकुड़। नगर परिषद प्रशासक अमरेन्द्र चौधरी ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर परिषद, पाकुड़ क्षेत्रान्तर्गत वैसे धृति स्वामी जिनका धृतिकर होडिंग टेक्सबकाया है, साथ ही वैसे होल्डिंगधारी जिन्होने अपने घर का विस्तार किया है, स्वेच्छा से कार्यालय आकर अपने होल्डिंग में सुधार करवा ले तथा जिन व्यक्तियों द्वारा होल्डिंग टैक्स निर्धारण संबंधी स्व0-निर्धारण प्रपत्र, (सेफ) सेल्फ फॉर्म नही भरा गया है ।वे स्व0-निर्धारण प्रपत्र (सेफ) भर कर 31 दिसम्बार 2024 तक बकाया राशि जमा कर दे। अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 182 एवं धारा 184 में निहित प्रावधानों के आलोक में आपके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी, जिसके जिम्मेवार आप स्वयं होंगे।

बच्चों के बीच स्वेटर,ड्रेस,जूते-मोजे का वितरण

पाकुड़ । बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए सदर प्रखंड के मनीरामपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच स्वेटर,ड्रेस,जूते-मोजे का वितरण किया गया, ताकि बच्चों को पढ़ाई के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो । कार्यक्रम में माजिबुर रहमान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और बच्चों के बीच इन सामग्रियों का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया । मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोबाससर हुसैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास बच्चों को ठंड से बचाने के साथ-साथ उनकी शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने में सहायक होते हैं । कार्यक्रम में प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष मंजरुल इस्लाम, शिक्षकगण एवं जौहर शेख, खुर्शीद आलम, रहमतुल्लाह शेख सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस पहल से बच्चों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया। उपस्थित लोगों ने मुखिया माजिबुर रहमान और विद्यालय प्रबंधन कमिटी की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

जामताड़ा । बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुद सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार जामताड़ा में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। षत किया गया है। इसका उद्देश्य अल्पसंख्यकों (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी, बांग्लाभाषी एवं उड़ियाभाषी) को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करना है एवं उनके कल्याणार्थ चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि सभी मिलजुल कर रहें, अच्छे से रहें, आप लोगों के लिए अल्पसंख्यक आयोग बना हुआ है। वहीं कार्यक्रम के दौरान विभिन्न लोगों के द्वारा किए गए मांगों पर विश्वास दिलाते हुए कहा कि जो भी यथोचित होगा उस पर जिला प्रशासन अपेक्षित कार्रवाई करेगी। । उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए हम 24 घंटे तैयार हैं, हमसे बेझिझक अपनी कठिनाइयों को शेयर करें।उन्होंने भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं का समुचित समाधान किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने जिले के संबंधित सरकारी मदरसों में शिक्षकों की कमी की मांग को संज्ञान में लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक को जरूरी दिशा निर्देश दिया। परियोजना निदेशक आईटीडीए जुगनू मिंज ने कहा कि अल्पसंख्यक के हितों की रक्षा करना सबकी जिम्मेवारी है। सरकार द्वारा अल्पसंख्यक के हितों में चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों से मिलने वाले लाभ एवं विगत 3 वर्षों में मिले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उक्त अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचारों को रखे। इस मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता ओम प्रकाश मंडल, जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी चार्ल्स हेंब्रम, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पंकज कुमार रवि, संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डायन कहकर महिला के साथ मारपीट और गांव से निकालने के आरोप में सात नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)थाना क्षेत्र के जड़ाकी पंचायत अंतर्गत गोगाजोर गांव में एक महिला को डायन कहकर उसके साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में 50 वर्षीय ठाकुर मोहाली ने गांव के ही सात नामजद व 10 से 15 अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध डायन कहकर मारपीट व प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया है। ठाकुर मोहली के आवेदन के अनुसार बीते 15 दिसंबर को गांव के ही कुछ महिला-पुरुष ने उसे डायन बोलकर उसके साथ मारपीट की। महिला ने आरोप लगाते हुए कहा है कि गांव के ही शिवपूजन सोरेन, फागु सोरेन, एलम सोरेन, फुलीन मरांडी, सावित्री बेसरा, बहामनी मुर्मू, मर्शिला मुर्मू सहित अन्य लोगों ने डायन कहते हुए उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि उसके दिन की शुरुआत पूजा-पाठ करके ही होती है। जबकि कई ग्रामीणों ने मेरे पूजा-पाठ को गलत नजरिए से देखकर मुझपर यह आरोप लगाने लगे कि मैं पूजा पाठ हम सभी लोगों के हित के लिए नहीं बल्कि डायन बनने के लिए करती हूं। महिला ने बताया कि बीते रोज की तरह बीते 15 दिसंबर को भी मैंने

सुबह पूजा-पाठ किया। इसी दौरान गांव के ही शिवपूजन सोरेन, फागु सोरेन, एलम सोरेन, फुलीन मरांडी, सावित्री बेसरा, बहामनी मुर्मू, मर्शिला मुर्मू सहित अन्य लोगों ने मिलकर डायन कहते हुए मेरे साथ मारपीट की। किसी तरह अपनी जान बचाने के लिए मैं गांव की महिला मोहिला हेंब्रम के घर में घुस गयी। आरोपित यहीं नहीं रुके उनलोगों ने मेरे साथ-साथ मोहिला हेम्ब्रम उसके पति बरसन सोरेन, बेटी प्रमिला सोरेन के साथ भी मारपीट की। मारपीट को लेकर गांव में पंचायत बैठा। इस संबंध में बीते दिनों गांव में सामाजिक पंचायती भी हुई जिसमें मामले में समझौता करते हुए मुझपर दो लाख साठ हजार और मोहिला हेम्ब्रम पर दो लाख पच्चास हजार का जुर्माना लगा दिया गया। मैंने कहा कि मैं पैसा देने से असमर्थ हूँ लेकिन गांव वालों ने नहीं माना। मुझे गांव से बाहर करते हुए गांव नहीं आने की धमकी दी है।

क्या कहते हैं थाना प्रभारी

पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा ने बताया कि लिखित आवेदन पर थाना कांड संख्या 82/24 दर्ज किया गया है। मामले की जाँच की जा रही है। फिलहाल गाँव वालों को कानून हाथ में लेने से मना किया गया है।

जन समाधान केंद्र में 39 मामले में पांच का ऑन स्पोर्ट हुआ निपटारा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़।पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर थाना स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। यह कार्यक्रम नगर थाना, लिट्टीपाड़ा थाना और महेशपुर थाना में आयोजित की गई।स्वयं पुलिस अधीक्षक नगर थाना में मौजूद रहकर जन शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से मिले और उनकी बातों को सुना। उधर महेशपुर थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार और लिट्टीपाड़ा में पुलिस इंस्पेक्टर अनिल गुप्ता, थाना प्रभारी रंजन कुमार जन शिकायत समाधान केंद्र आए लोगों की शिकायतें को सुना और जाना।जन शिकायत केंद्र में कुल 39 शिकायतें दर्ज की गई है, जिनमें पांच का ऑन स्पोर्ट निपटारा किया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जनता की शिकायतों की सुनी गई है, उनसे लिखित आवेदन ली गई है, जल्द उसपर करवाई की जाएगी। महेशपुर (पाकुड़)थाना परिसर में जन समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमे महेशपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से जन समाधान को लेकर ग्रामीण पहुंचे । जहां एक एक कर सभी का शिकायत सुना गया । वही एसडीपीओ विजय कुमार ने बताया की जन शिकायत में कुल 12 मामला सामने आया जिसमे 2 मामले को त्वरारित करवाई करते हुए निस्पादन किया गया साथ ही बाकी जो मामला है उसे जांच उपरांत जल्द निस्पादन किया जाएगा । इस मौके पर महेशपुर थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात, रदीपुर थाना प्रभारी विवेक कुमार,पाकुड़िया थाना प्रभारी अमित कुमार ,आमडापड़ा एएसआई,पुलिस निरीक्षक बाबूराम भगत सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे । लिट्टीपाड़ा(पाकुड़)।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को लिट्टीपाड़ा थाना परिसर में एसडीपीओ डी एन आजाद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लिट्टीपाड़ा, सिमलोंग एवं हिरणपुर थाना क्षेत्र के जमीन विवाद, नाली विवाद, चापाकल एवं घरेलू विवाद के कुल 14 मामला कार्यक्रम में आया। एसडीपीओ डीएन आजाद ने बताया कार्यक्रम के माध्यम से कुल तीन मामलों का निष्पादन किया गया।11 मामलों का जांच कर एक सप्ताह के अंदर निष्पादन किया जाएगा।मौके पर पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता , लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ,ओपी प्रभारी बिनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

बैठक में अनुपस्थित 9 डीलरों को शोकॉज

हिरणपुर (पाकुड़)। बुधवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित जनवितरण की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित नो पीडीएस डीलरों को शोकॉज किया गया है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सन्तोष कुमार ने कहा कि आपूर्ति से सम्बंधित समीक्षा बैठक में सभी डीलरों को अपने अपने प्रगति प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होना था , पर डीलर प्रदीप एसएचजी , कालू पहाड़िया , दीपक कुमार भगत , मेरी मुर्मू ,इलियास अंसारी , केसर साईं , किशोर दत्ता , एकता एसएचजी व अब्दुल रकीब बैठक से अनुपस्थित रहे। जो सरकार की अति महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा में भाग नही ले सके। इसलिए अनुपस्थित सम्बन्धित पीडीएस डीलरों को शोकॉज किया गया है।

एवरेस्ट मिशन विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

हिरणपुर (पाकुड़)।एवरेस्ट मिशन विद्यालय हिरणपुर में बुधवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवरेस्ट मिशन चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एलेक्स सेम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के मनमोहक नृत्य , संगीत व एकांकी नाटक की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर झारखण्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिशन के महासचिव रामरजन सिंह , दानियल किस्कु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

विधायक एवं डीसी ने कोल्ड स्टोरेज का किया उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। प्रखंड के काशीला में पांच हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन बुधवार को विधायक निशात आलम व डीसी मनीष कुमार ने किया। डीसी ने कहा कि पूर्व ग्रामीण विकास विभाग मंत्री आलमगीर आलम के अथक प्रयासों से कोल्ड स्टोरेज की नींव रखी गई थी जो आज साकार हुआ है तथा यहां के किसान इससे लाभान्वित होंगे। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा 9 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस कोल्ड स्टोरेज का संचालन आलम कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड, द्वारा किया जाएगा। कोल्ड स्टोरेज की क्षमता जिले में बहुत कम थी। कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन हो जाने से पाकुड़ जिला ही नहीं, आसपास के जिले के प्रगतिशील किसानों को भी काफी सहुलियत होगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। ये कोल्ड स्टोरेज मील का पत्थर साबित होगा। आज इस परिसर में कृषि मेला भी लगाएं गए हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने हर्ष के साथ बताया कि पाकुड़ जिला में एक हजार अबुआ आवास पूर्ण किया गया हैं। 31 दिसम्बर तक और एक हजार आवास पूर्ण का लक्ष्य रखा गया है। कुल मिलाकर दो हजार आवास पूर्ण होंगे। धान अधिप्राप्ति में किसानों को जागरूक करने हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही कृषि मेला का निरीक्षण किया गया।मौके पर सांसद राजमहल की माता शांति सरोजनी मुर्मु, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी चंद्रजीत खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कांग्रेस, जिला अध्यक्ष पाकुड़ एवं साहेबगंज, आलम कंस्ट्रक्शन के मालिक मेहताब आलम, इफ्तिघार आलम एवं प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

धोती साड़ी का वितरण जल्द पूर्ण करने का एमओ ने डीलरों को दिया निर्देश

संताल एक्सप्रेस हिरणपुर(पाकुड़)।बुधवार को घाघरजानि स्थित प्रखंड कार्यालय सभागार में जन वितरण दुकानदारों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें नव पदास्थापित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सन्तोष कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कि 25 दिसम्बर तक लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण पूर्ण करें। आपूर्ति पदाधिकारी ने नवम्बर माह में किये गए चावल व गेंहू वितरण की डीलरवार समीक्षा की। इसके अलावे ग्रीन कार्ड , चीनी , दाल , नमक व धोती साड़ी वितरण की स्थिति को देखा। इसमे 90 प्रतिशत से कम वितरण करने वाले डीलरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करें। राशन वितरण में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। राशन वितरण कार्य माह के अंतिम तिथि तक अवश्य करे। वितरण तिथि विस्तार की आशा में न रहे। लाभुकों की आधार व मोबाइल सीडिंग ई पोस मशीन से करे ।ई केवाईसी को लेकर कहा कि सर्वर की समस्याओं के कारण कार्य मे काफी विलम्ब हो रही है। वृद्ध व बच्चो की ई केवाईसी में भी काफी समस्याएं आ रही है। इसको लेकर आई स्केनर की माध्यम से केवाईसी कराने की व्यवस्था जल्द ही कराई जाएगी। इसमे सभी लाभुकों का केवाईसी कराना है। लाभुकों को इसमे हड़बड़ाना नही है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय वितरण की गई गेंहू की बकाया कमीशन की भुगतान को लेकर प्रयास की जा रही है।वही ग्रीन कार्ड राशन व एनएफए कमीशन राशि की भुगतान भी जल्द कराई जाएगी। माहवार लोगिन को लेकर डीलरों को निर्देश दिया कि माह में 10 दिन मशीन को अवश्य खोले। पीडीएस दुकानों के बाहर सूचनापट्ट व आवंटन -वितरण बोर्ड अवश्य रहना आवश्यक है। इस अवसर पर डीलर मीता दास , कलाम अंसारी , नारायण भगत , पवन साहा आदि उपस्थित थे।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला, सभी को मिला सदस्य बनाने का लक्ष्य

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । भाजपा नगर के अग्रहरि आश्रम में नगर अध्यक्ष धनंजय खवाड़े की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर बुधवार को कार्यशाल किया गया। इसमें नगर प्रभारी विजया सिंह ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।नगर अध्यक्ष धनंजय खवाड़े ने कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान जोर शोर से चलाने के लिए आज नगर मंडल स्तरीय कार्यशाला हुआ जिसमें जिला से नियुक्त प्रभारी विजया सिंह शामिल हुए 22 दिसंबर से शक्ति केन्द्रो पर सदस्यता अभियान की शुरुआत हो जाएगी। 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा जो 14 जनवरी 2025 तक चलेगा। सक्रिय सदस्यता लेने के लिए 50 लोगों को पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाना अनिवार्य होगा। और कहा कि

पार्टी का सदस्यता अभियान देश स्तर पर सितंबर से ही प्रारंभ हो गया था,लेकिन झारखंड में चुनाव के कारण यह अब शुरू हो गया है। कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ होते हैं नई चुनौतियों के साथ कार्यकर्ता संकल्पित समर्पण भावना के साथ सदस्यता अभियान में नई पीढ़ी के साथ जुड़ जाए बड़ी-बड़ी जीत के लिए कभी-कभी छोटी-छोटी हार का सामना तो करना ही पड़ता है, सदस्यता अभियान का यही मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रवाद से प्रेरित भाजपा के कार्यकर्ता सदस्यता का लक्ष्य पूरा करें और संगठन को और मजबूत करें। भाजपा एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं विचार है जो सत्ता के लिए ही नहीं समाज और राष्ट्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही कार्यशाला में नए सदस्य बनाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रत्येक मंडल पदाधिकारी मंडल मोर्चा के पदाधिकारी250, बूथ अध्यक्ष को 200 जिला पदाधिकारी मोर्चा के जिला पदाधिकारी कार्यसमिति को 500 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य भी दिया गया।कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व जिला महामंत्री पंकज सिंह भदोरिया,सोशल मीडिया प्रभारी अमृत मिश्रा, जिला कार्यालय प्रभारी धनंजय तिवारी,जिला परिषद उपाध्यक्ष संतोष पासवान ,बलवीर राय, युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अतुल सिंह,आशीष दुबे,संजय गुप्ता,मीना झा, संध्या कुमारी,अलका सोनी , विट्टू पांडे सोनू पांडे ,अजीत सिंह, विराट सिंह,शुभम कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार पंडित आशिष कुमार आदि नगर कार्यशाला में मौजूद थे।

वैसे दंपति जो अनाथ बच्चों को गोद लेना चाहते हैं, जिला प्रशासन करेगा हर संभव सहयोग : डीसी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । देवघर जिला अंतर्गत वैसे दंपति जो बच्चों को गोद लेना चाहते है, जिला प्रशासन वैसे परिवारों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। साथ ही अनाथ बच्चों को गोद लेना चाहने वालों को प्रशासनिक स्तर पर पूरा सहयोग किया जाएगा। इस कड़ी में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात आज तीन परिवारों द्वारा तीन बच्चों को गोद लिया गया है। इन सभी बच्चों को सीडब्लूसी के तहत सभी नियमों व प्रक्रियाओं को पूर्ण रूप से पालन करते हुए गोद लेने की अनुमति प्रदान की गई है,जिसमें दो बच्चें भारत में और एक को विदेशी परिजनों गोद लेंगें।इसके अलावा उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा है कि ऐसे दंपति जो बच्चे को गोद लेना चाहते हैं, वह आगे आएं व ऐसे बच्चों को गोद ले सकते हैं, ताकि इन बच्चों को भी समाज के मुख्यधारा से जोड़ते हुए बेहतर भविष्य, बेहतर शिक्षा एवं बेहतर कल प्रदान किया जा सके।जिला प्रशासन के सहयोग से नियम और प्रक्रिया के तहत दिया जा रहा है बच्चों को गोद.आप अनाथ बच्चों को गोद लेना चाहते है, तो दत्तक ग्रहण विनियम 2022 के प्रावधानों के तहत सभी आवश्यक प्रक्रिया का पालन करते हुए वे अनाथ बच्चा को गोद ले सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त के निर्देश पर दत्तक ग्रहण का अंतिम आदेश पारित किया गया। इस आदेश के परिणामस्वरूप अनाथ और परित्यक्त बच्चों को एक स्नेहिल परिवार (माता -पिता) मिलता है।

आम जनता के समस्याओं का निराकरण करे अधिकारी :डीसी

देवघर । बुधवार को डीसी विशाल सागर की अध्यक्षता में जिला अन्तर्गत चल रहे मनरेगा एवं अबुवा आवास योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान डीसी ने मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न विकास से संबंधित योजनाओं में गति लाने का निदेश संबंधित जिला व प्रखण्ड स्तर के अधिकारियों को दिया गया। आगे डीसी ने पुरानी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश अधिकारियों को दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान डीसी ने मनरेगा के तहत अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने, अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

तिलक सेवा समिति ने किया विधायक सुरेश पासवान का अभिनंदन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । तिलक सेवा समिति देवघर की ओर से देवघर विधान सभा से नव निर्वाचित विधायक सुरेश पासवान को अंगवस्त्र फूल माला प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया।जिस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि आज से समिति को किसी प्रकार के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा समिति कि कार्य सराहनीय है।केंद्रीय अध्यक्ष हरे कृष्ण राय ने कहा कि सुरेश पासवान एक समाज सेवी ही नहीं समिति के संरक्षक भी है समिति उनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करती है.समिति के मुख्य संरक्षक प्रो रामनंदन सिंह

ने कहा कि सरकार इनको मंत्री बनाने पर पुनर्विचार करें समिति के महासचिव बिपुल कुमार मिश्रा ने नवनिर्वाचित विधायक का भूरी भूरी प्रशंसा किया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज।

आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा को अपरिहार्य तकनीकी कारणवश स्थगित की जाती है :–

क्र0	प्रकाशित निविदा संख्या	P.R. No.
01	RDD/SD/SAHIBGANJ/ 05/3rd call/2024-25 Gr01	P.R. No. 340911 (Rural Development) (24-25)

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
साहेबगंज।

PR 342292 (Rural Development) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय से प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **67/DWSD/DEO/2024-25** तथा PR No.-341957 Drinking Water and Sanitation (24-25)D दिनांक: 14.12.2024 में आंशिक संशोधन निम्नरूपेण किया जाता है।

विवरणी	पूर्व में प्रकाशित तिथि / समय	संशोधित तिथि/समय
वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	14.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक	18.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक
प्रीबीड मीटिंग की तिथि एवं स्थान	18.12.2024 समय 04.00 बजे अपराहन।	21.12.2024 समय 04.00 बजे अपराहन।
निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय	21.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक	23.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक
सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय।	21.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक	23.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन तक
तकनीकी बिड खोलने का तिथि एवं समय	21.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन	24.12.2024 समय 05.00 बजे अपराहन

अन्य शर्त्तें पूर्ववत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर

PR 342273 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

अधिवक्ता संघ ने शारदा शरण को दी अंतिम विदाई

मधुपुर । अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता संजय कुमार शरण की पत्नी एवं अधिवक्ता सत्यकांत शरण की माता, 55 वर्षीय शारदा कुमारी शरण का मंगलवार सुबह 10 बजे रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। शारदा कुमारी शरण मधुपुर कोर्ट परिसर में एक सम्मानित स्टांप वेंडर के रूप में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देती रहीं। बीते कुछ वर्षों से गंभीर रूप से बीमार चल रही थीं और रांची में उनका नियमित इलाज जारी था। इसी दौरान मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को मंगलवार देर रात मधुपुर लाया गया, जहां बुधवार सुबह बैकुंठधाम में अंतिम संस्कार किया गया।मधुपुर अधिवक्ता संघ ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मुरारी प्रसाद सिंह ने कहा, उनकी आकस्मिक मृत्यु ने हमें स्तब्ध कर दिया है. यह हमारे संघ के लिए एक अपूरणीय क्षति है। महासचिव श्याम सुंदर भैया ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा, इस मुश्किल घड़ी में हमारा पूरा संघ उनके परिवार के साथ खड़ा है। प्रशासनिक सचिव जितेंद्र कुमार ने कहा, शारदा कुमारी शरण ने स्टांप वेंडर के रूप में संघ को जो सेवा और सहयोग दिया है, उसे हमेशा याद रखा जाएगा।

सीएस ने की स्वास्थ्य सेवाओं के मूल्यांकन व एक्शन प्लान बनाने को लेकर बैठक

देवघर। स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन के उद्देश्य से जिला सिविल सर्जन के निर्देश पर रोज टूल की बैठक का आयोजन देवघर के सदर अस्पताल सभागार में एसीएमओ डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य रेज टूल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा वितरण का सटीक मूल्यांकन और सुधार की रणनीति तैयार करना था। बैठक में स्वास्थ्य केंद्रों पर सेवाओं की गुणवत्ता और निगरानी के लिए रेज टूल के प्रयोग को लेकर विशेष चर्चा हुई। इसके माध्यम से स्वास्थ्य योजनाओं की सटीक स्थिति का आकलन कर सेवाओं में पारदर्शिता और सुधार लाने पर जोर दिया गया। डॉ. शर्मा ने कहा रेज टूल के उपयोग से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की निगरानी अधिक सटीक होगी और इसके परिणामस्वरूप सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार आएगा। बैठक के समापन पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री समरेश ने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की सराहना की और भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की।

कांग्रेसी राज भवन मार्च में हुए शामिल

देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता) । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गौतम अडानी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार , मणिपुर में हो रही हिंसा एवं केंद्र सरकार की जनहित विरोधी नीतियों एवं कार्यों को लेकर आयोजित राजभवन मार्च में झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अमित झा एवं देवघर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष बासुकी पंडित शामिल हुए।

फाइलेरिया मरीजों के बीच चप्पल वितरण

देवघर संताल एक्सप्रेस । जिला भीबीडी कार्यालय परिसर, सदर अस्पताल देवघर में वार्ड संख्या 7, 15 एवं 20 से 32 तक में रहने वाले सभी फाइलेरिया मरीजों के बीच निःशुल्क एमएमडीपी (मोर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रीवेंशन) किट वितरण कैंप में लिम्फेटिक फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आज कुल 10 फाइलेरिया ग्रसित लिंफोडेमा के मरीज उपस्थित हुए। जिन्हें फाइलेरिया का निःशुल्क एमएमडीपी किट एवं चप्पल वितरण किया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए हुई बैठक

देवघर संताल एक्सप्रेस । स्वास्थ्य योजनाओं के सुदृढ़ कार्यान्वयन और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से जिला सिविल सर्जन के निर्देशानुसार, मास्टर कोच बैठक का आयोजन देवघर के सदर अस्पताल सभागार में डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मास्टर कोचों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और गुणवत्ता के साथ इसकी सततता सुनिश्चित करना है।

सड़क हादसे में तीन घायल

देवघर। अलग- अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में दुमका जिला के हंसडीहा थाना क्षेत्र के बिराजपुर निवासी विजय कुमार मृद्धा, सनील मृद्धा और देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बाबूपुर निवासी संतोष कुमार यादव के नाम शामिल हैं। बिराजपुर निवासी घायल के परिजनों ने बताया कि दोनों बाइक से हंसडीह हटीया गया था।

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी -सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, दुमका

दुमका जिला अंतर्गत अवस्थित जलकरों/तालाबों की खुले डाक से बन्दोबस्ती की आम सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दुमका जिले के निम्नांकित विवरणी के सैरातों की बन्दोवस्ती वर्ष– 2024–25 से 2026–27 तक के लिए दिनांक– 28.12.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खुले डाक के माध्यम से जिला मत्स्य कार्यालय, दुमका में किया जायेगा। इच्छुक मत्स्य कृशक/व्यक्ति खुला डाक में भाग ले सकते हैं। डाक वक्ता को डाक लेने के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 10% जमानत के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता को छोडकर सभी को जमानत की राशि लौटा दी जायेगी एवं उच्चतम डाक वक्ता के जमानत राशि को बंदोबस्ती राशि में समायोजित कर दी जाएगी, उच्चतम डाक वक्ता को बंदोबस्ती राशि एकमुश्त जमा करना होगा। खुली डाक से बंदोबस्ती योग्य तालाबों/जलकरों की सूची सुरक्षित जमा राशि सहित निम्नवत् है :–

प्रखण्ड– रामगढ़

क्र. सं.	जलकर का नाम	ग्राम	पंचायत	दाग सं0	जलक्षेत्र (एकड़ में)	सुरक्षित जमा राशि	अभ्युक्ति
1	बड़ी रणबहियार पोखर	बड़ी रणबहियार	बड़ी रणबहियार	309	1.20	6600.00	
2	अर्जुन पहाड़ी पोखर	अर्जुनपहाड़ी	भातुडीया ए	59, 60, 61	0.30	1000.00	
3	साधुडीह तालाब	साधुडीह	भातुडीया बी	146, 147	0.30	800.00	
4	अमड़ा पहाड़ी पोखर	अमड़ा पहाड़ी	अमड़ापहाड़ी	168	0.40	1100.00	
5	कारूडीह पोखर	कारूडीह	कारूडीह	207	0.50	1000.00	
6	कुशमाहा पोखर	कुशमाहा	धोवा	54,55	1.70	1600.00	
7	मड़गामा पोखर	मड़गामा	गंगवारा	1758	0.99	1500.00	
8	मड़गामा पोखर	मड़गामा	गंगवारा	1759	0.88	1100.00	
9	ढाढ़ी पोखर	ढाढ़ी	गंगवारा	1110	0.45	600.00	
10	मड़गामा पोखर	मड़गामा	गंगवारा	1075	0.50	1100.00	
11	छोटी रणबहियार पोखर	छोटी रणबहियार	छोटीरण बहियार	177	0.50	600.00	
12	महारानाचक पोखर	महारानाचक	भालसुमर	54	0.50	1000.00	
13	मोची खम्हार पोखर	मोची खम्हार	भालसुमर	100	0.50	700.00	
14	मधुबन पोखर	मधुबन	कांजो	634	0.20	500.00	
15	सिमरा पोखर	सिमरा	कांजो	300	0.50	2200.00	
16	पतसर अहरपानी पोखर	पतसर	कांजो	161/244	0.77	1100.00	
17	बेलातरी पोखर	बेलातरी	कोआम	180	1.40	1650.00	
18	चान्दपुर पोखर	चान्दपुर	सुसनियाँ	361	0.90	1100.00	
19	पिण्डारी पोखर	पिण्डारी	नौखेता	11	0.60	1000.00	
20	अमरपुर पोखर	अमरपुर	अमरपुर	1043	0.60	1000.00	
21	अमरपुर पोखर	अमरपुर	अमरपुर	313	0.20	600.00	

प्रखण्ड– दुमका

22	बासमता पोखर	बासमता	पारसिमला	431	0.50	1700.00	
23	कोदोखिचा बांध	कोदोखिचा	बेहराबाँक	5	2.04	2200.00	
24	भरकुन्डा बांध	भरकुन्डा	भरकुन्डा	170	0.25	2800.00	
25	खिजुरिया बांध	खिजुरिया	केशियाबहाल	801	1.45	2800.00	
26	खिजुरिया बांध	खिजुरिया	केशियाबहाल	417	1.00	2200.00	
27	मुड़ाबहाल पोखर	मुड़ाबहाल	आसनसोल	55	2.95	2300.00	
28	चिरूडीह बांध	चिरूडीह	मुड़भंगा	347	3.00	5600.00	
29	आसनसोल नापितपाड़ा बांध	असानसोल	आसनसोल	1307	0.35	1100.00	
30	झाझापाड़ा बांध	झाझापाड़ा	दरबारपुर	606	3.00	8500.00	
31	चान्दोपानी बांध	चान्दोपानी	गोलपुर	606	1.00	3000.00	
32	जगुडीह बांध	जगुडीह	पारसिमला	373	1.02	2500.00	
33	पचुआ पोखर	पचुआ	केशियाबहाल	593	0.80	8000.00	

प्रखण्ड– मसलिया

34	गोलपुर बाँध	गोलपुर	बेलियाजोर	1158	1.20	4400.00	
35	बड़ा चपाड़िया बाँध	बड़ा चपाड़िया	मसानजोर	273	0.20	990.00	
36	झुझको बाँध	झुझको	हारोरायडीह	819	1.90	1700.00	
37	रंगामटिया बांध	रंगामटिया	मसानजोर	390	1.00	4000.00	
38	गम्हरीया बांध	गम्हरीया	रानीघाघर	156	1.00	5000.00	
39	केन्दडंगाल बांध	केन्दडंगाल	रानीघाघर	487	0.82	800.00	
40	मकरमपुर शिवगडिया	मकरमपुर	कोलारकोन्दा	306	0.80	700.00	
41	मकरमपुर कदम गडिया	मकरमपुर	कोलारकोन्दा	169	0.74	5500.00	
42	झिलुवा बांध	झिलुवा	रांगा	1358	0.25	2000.00	
43	गोलबंधा बांध	गोलबंधा	गोलबंधा	1997	0.40	1500.00	
44	लहरजोरिया बांध	लहरजोरिया	गोलबंधा	630	0.05	200.00	

प्रखण्ड– जरमुण्डी

45	मटकरा बांध	मटकरा	राजासिमरिया	486	0.90	4400.00	
46	बेलडीहा बांध	बेलडीहा	रायकिनारी	297	1.00	5000.00	
47	खुटहरी बांध	खुटहरी	राजासिमरिया	113	0.50	1700.00	
48	ठाढ़ी पोखर	ठाढ़ी	राजासिमरिया	204, 205	0.34	1600.00	
49	तरगच्छा बांध	तरगच्छा	कुशमाहा चिकनियाँ	372	1.50	8000.00	
50	गाजीपुर बांध	गाजीपुर	रायकिनारी	9,10	1.50	5000.00	
51	मशन बांध नोनीहाट	मशन	नोनीहाट	374	0.10	1000.00	
52	बरगो बांध	बरगो	गिरडा अमरकुंडा	108	1.50	8000.00	
53	सिमरा बांध	सिमरा	खरबिला	46	2.00	8000.00	

प्रखण्ड– जामा

54	लगला बाँध–I	लगला	लगला	820/524	0.20	1100.00	
55	लगला बाँध– II	लगला	लगला	681	0.20	1000.00	
56	लगला बाँध	लगला	लगला	682	0.36	600.00	
57	थाना डुमरिया बाँध	थाना डुमरिया	भैरवपुर	75	0.34	1000.00	
58	करैया बाँध	करैया	तपसी	455	0.26	1000.00	
59	करैया बाँध	करैया	तपसी	315	0.56	1100.00	
60	करैया बाँध	करैया	तपसी	234	0.35	1000.00	
61	अमला गड़िया	अमला	बेदिया	140	0.40	1600.00	
62	लकड़जोड़िया पोखर	लकड़जोड़िया	चिकनियाँ	990	0.30	1100.00	
63	हेमन्तपुर बाँध	हेमन्तपुर	छैलापाथर	1362	0.50	1100.00	
64	हेठ सितवा बाँध	हेठ सितवा	थानपुर	393	0.25	900.00	
65	कुलाथर बाँध	कुलाथर	लागला	138	0.30	1100.00	

प्रखण्ड– सरैयाहाट

66	भरकुंडा बाँध	भरकुंडा	मंडलडीह	1876	0.25	1100.00	
67	केन्दुआ बाँध	केन्दुआ	केन्दुआ	67	0.50	3900.00	
68	लाबाबांध लकड़बांक	लकड़बांक	लकड़बांक	336	0.50	2200.00	
69	जामजोरी बाँध	जामजोरी	लकड़बांक	50	0.30	1100.00	
70	नवाडीह पोखर	नवाडीह	ककनी	454	0.50	4000.00	
71	नवाडीह तथागडिया	नवाडीह	ककनी	1129	1.00	3000.00	
72	सरैयाहाट बांध	सरैयाहाट	सरैयाहाट	541	0.50	3000.00	
73	सर्वाधाम बांध	सर्वाधाम	पथरा	793	0.75	1500.00	
74	अम्बापधार बांध	अम्बापधार	मटयानी	319	1.00	6000.00	
75	असवारी तालाब	असवारी	चंदुबथान	95	1.00	6000.00	
76	कोरडीहा बांध	कोरडीहा	चंदुबथान	39	0.25	2000.00	
77	सियाखोर पोखर	सियाखोर	चंदुबथान	455	1.50	9000.00	
78	कोरडीहा बांध	कोरडीहा	चंदुबथान	92	0.50	2000.00	
79	बनियारा तालाब	बनियारा	बनियारा	446	0.80	5000.00	
80	परसा तालाब	परसा	बमनखेता	261	0.20	2000.00	
81	पंचेता पोखर	पंचेता	केन्दुआ	70	0.20	2500.00	
82	पोखरिया बांध	पोखरिया	बढैत	434	0.30	9500.00	
83	बैजा बांध	बैजा	मंडलडीह	14	0.20	2000.00	
84	धौनी बांध	धौनी	धौनी	46	0.50	5000.00	

प्रखण्ड– शिकारीपाड़ा

85	सीमलुती तालाब	सीमलुती	बरमसिया	700	1.20	1350.00	
86	केन्दपहाड़ी पोखर	केन्दपहाड़ी	झुनकी	57	0.33	900.00	
87	केन्दपहाड़ी पोखर	केन्दपहाड़ी	झुनकी	1069	0.60	900.00	
88	बड़ा चापुड़िया	बड़ा चापुड़िया	झुनकी	806	1.30	1100.00	
89	झुरको तालाब	झुरको	गंधकपुर	111	0.70	3500.00	
90	झुरको तालाब	झुरको	गंधकपुर	119	1.40	3500.00	
91	दुधीचुवाँ तालाब	दुधीचुवाँ	कुशपहाड़ी	361	0.50	750.00	
92	धोवाडंगाल पोखर	धोवाडंगाल	पिंडरगडिया	1008	1.40	2000.00	
93	गंधकपुर तालाब	गंधकपुर	गंधकपुर	314	0.50	1100.00	
94	डीमदहा तालाब	डीमदहा	सरसडंगाल	576	0.47	500.00	
95	सिरूवाडीह तालाब	सिरूवाडीह	मुडायाम	500	1.00	1200.00	
96	इन्दरबनी गड़िया	इन्दरबनी	मुडायाम	490	0.25	600.00	
97	अमरपानी तालाब	अमरपानी	जामुगड़िया	725/731	0.95	200.00	
98	नौ पहाड़ बाँध	नौ पहाड	सिमानीजोर	160	0.50	700.00	
99	छातपुड़ा तालाब	छातपुड़ा	सिमानीजोर	548	0.90	1000.00	
100	बाँस पहाड़ी तालाब	बाँस पहाड़ी	बांसपहाड़ी	675	0.70	700.00	
101	बाँस पहाड़ी तालाब	बाँस पहाड़ी	बांसपहाड़ी	1647	0.70	700.00	
102	सरसडंगाल तालाब	सरसडंगाल	सरसडंगाल	456	0.50	800.00	
103	सरसडंगाल तालाब	सरसडंगाल	सरसडंगाल	2464	0.15	200.00	
104	जामड़पानी पोखर	जामड़पानी	सरसडंगाल	392	0.50	500.00	
105	जामड़पानी पोखर	जामड़पानी	सरसडंगाल	277	0.40	500.00	
106	लताकान्दर पोखर	लताकान्दर	सरसडंगाल	867	0.22	200.00	
107	लताकान्दर पोखर	लताकान्दर	सरसडंगाल	1049	0.33	200.00	
108	मकडा पहाड़ी तालाब	मकडा	सरसडंगाल	290	0.30	800.00	
109	मकडा पहाड़ी तालाब	मकडा	सरसडंगाल	459	0.10	400.00	
110	मकडा पहाड़ी तालाब	मकडा	सरसडंगाल	829	0.33	600.00	
111	कुरूमटांड़ पोखर	कुरूमटांड़	झुनकी	459	1.30	300.00	
112	कुरूमटांड़ पोखर	कुरूमटांड़	झुनकी	109	0.22	120.00	
113	केन्दपहाड़ी पोखर	केन्दपहाड़ी	झुनकी	557	0.33	100.00	
114	छोटा चापुड़िया	छोटा चापुड़िया	झुनकी	620	0.33	100.00	
115	छोटा चापुड़िया	छोटा चापुड़िया	झुनकी	522	0.45	400.00	
116	भिलाईटाड़ तालाब	भिलाईटाड़	झुनकी	281	0.30	100.00	
117	चन्दनगड़िया पोखर	चन्दनगड़िया	शहरपुर	2025	0.38	800.00	
118	चन्दनगड़िया पोखर	चन्दनगड़िया	शहरपुर	237	0.15		
119	ताराचुवाँ पोखर	ताराचुवा	शहरपुर	460	0.55	100.00	
120	मंझलाडीह तालाब	मंझलाडीह	शहरपुर	803	0.20	100.00	
121	पोराबंसारी तालाब	पोराबंसारी	शहरपुर	855	0.60	500.00	
122	बेनागड़िया तालाब	बेनागडिया	चितरगड़िया	410	0.47	700.00	
123	कौवामहल पोखर	कौवामहल	चितरगड़िया	734	0.60	100.00	
124	कौवामहल पोखर	कौवामहल	चितरगड़िया	868	0.40	100.00	
125	चितरगड़िया पोखर	चितरगडिया	चितरगड़िया	683	0.55	400.00	
126	आमचुंवा तालाब	आमचुंवा	चितरगड़िया	448	0.30	100.00	
127	हथवारी तालाब	हथवारी	पिंडरगड़िया	2432	2.10	1000.00	
128	हथवारी तालाब	हथवारी	पिंडरगड़िया	2433	3.30	1200.00	
129	लौडीपहाड़ी तालाब	लौडीपहाड़ी	पिंडरगड़िया	209	0.60	1250.00	
130	लौडीपहाड़ी तालाब	लौडीपहाड़ी	पिंडरगड़िया	646	0.88	400.00	
131	कालीपत्थर पोखर	कालीपत्थर	पिंडरगड़िया	639	0.70	400.00	
132	पिंडरगड़िया तालाब	पिंडरगड़िया	पिंडरगड़िया	389	4.30	400.00	

प्रखण्ड– काठीकुण्ड

133	आमगाछी तालाब	आमगाछी	बड़ा चापुड़िया	192	0.69	6600.00	
134	शिवतल्ला बाँध	शिवतल्ला	आसनपहाड़ी	50	1.82	7700.00	
135	बाधाशोल तालाब 1	बाधाशोल	पान्दनपहाड़ी	885	0.44	9900.00	
136	बाधाशोल तालाब 2	बाधाशोला	पान्दनपहाड़ी	412	0.44		
137	कन्हाईडीह बांध	कन्हाईडीह	बड़तल्ला	226	1.84	2200.00	
138	दलदली बाँध 1	दलदली	कालाझर	1181	0.82	3300.00	
139	दलदली बाँध 2	दलदली	कालाझर	1185	0.59	600.00	
140	कोल्हा बाँध	कोल्हा	पान्दनपहाड़ी	1100	1.47	1100.00	
141	नवाडीह बांध	नवाडीह	तैलियाचक बाजार	399	1.02	8000.00	

प्रखण्ड– गोपीकान्दर

142	बलि

-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केअध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य, सचिव डा. प्रदीप कुमार व एलएडीसी ने बुधवार को मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की ओर मुहैया कराने वाली सभी प्रकार की सुविधाओं का जायजा लिया। सभी बंदियों से बारी- बारी से जेल में मिलनी वाली सुविधाओं व विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कई वंदियों नेअपनी -अपनी समस्याओं से पीडीजे को अवगत कराया। इसी क्रम में महिला बंदी वार्ड में बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के बीच टापी व शिक्षण कीट का वितरण किया गया। इस संबंध में एलएडीसी न्याय रक्षक को कई निर्देश दिए। इसके पूर्व आदिवासी बंदियों ने मांदर की थाप पर नृत्य कर न्यायिक पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। वहीं बंदियों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकला का भी मूआयजा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे ने कहा कि नालसा के निर्देश के आलोक में जेल का निरीक्षण किया गया ।इसमें बंदियों को जेल से मिलने वाली आधारभूत सुविधाएं, विधिक सहायता की स्थिति की जानकारी ली गई। बंदियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की भी पड़ताल की गई। बंदियों को भी आम लोगों की तरह संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। ऐसे में उनके अधिकारों की रक्षा करना सभी का दायित्व है। इस दौरान प्रभारी जेलर प्रियरंजन कुमार, एलएडीसी सह न्याय रक्षक लीली कुमारी, आयुष राज, अधिकार मित्र नवीन कुमार उपस्थित थे।

अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चलेगा अभियान, होगी कार्रवाई : कार्यपालक पदाधिकारी

महागमा प्रतिनिधि (गोड्डा) = महागामा शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर पंचायत ने अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के निर्देश पर पर्यवेक्षक दिलदार अंसारी ने देर शाम को विभिन्न चौक चौराहों पर नगर पंचायत के वाहन द्वारा आम सूचना जारी की। नगर पंचायत द्वारा प्रसारित सूचना में कहा गया कि महगामा शहरी क्षेत्र के वैसे दुकानदार को सूचित किया जाता है कि जिनके द्वारा विभिन्न मुख्य मार्ग के किनारे अस्थाई दुकान जैसे ठेला, खोमचा इत्यादि लगाकर अथवा अपने दुकान के आगे सामान रखकर अतिक्रमण किया गया है वैसे दुकानदार यथाशीघ्र अपनी जगह से सामान को हटा ले। कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि सार्वजनिक भूमि का अतिक्रमण किए हुए हैं, जिससे जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। जाम के कारण आवागमन में आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा एम्बुलेंस एवं अन्य आकस्मिक सेवा के वाहनों समेत आम जनता को परेशानी हो रही है। अत अपने द्वारा किए गए अतिक्रमण को अविलंब हटा लें अन्यथा बाध्य होकर प्रशासन के द्वारा आपके द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटा दिया जाएगा एवं आप से जुर्माना भी वसूला जाएगा। साथ ही साथ सामानों को जब्त करते हुए अति अतिक्रमण हटाने में हुई व्यय की राशि आपसे वसूली जाएगी। इसके साथ ही बार बार अतिक्रमण करने पर प्रिवेंशन ऑफ डिवेसमेंट के तहत कार्रवाई किया जाएगा।

भाकपा माले ने घोलजोड़ में मनाया शहादत दिवस

नाला (जामताड़ा)-- भाकपा माले के पुर्व महासचिव स्व0 कॉमरेड बिनोद मिश्रा एवं कॉमरेड बिनोद बिहारी महतो के 26वा शहादत दिवस नाला प्रखंड के घोलजोड़ मोड़ में मनाया गया। इस अवसर पर सभी कामरेड ने स्वर्गीय कामरेड विनोद मिश्रा तथा कॉमरेड विनोद बिहारी महतो की बेदी पर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा लाल सलाम अर्पित किया। मालूम हो कि इस अवसर पर कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड सचिव सुशील मोहली ने झंडोत्तोलन करते हुए किया वहीं जिला सचिव सुनील राणा ने घोषणा पत्र का पाठ किया। इस अवसर पर जिला सचिव सुनील राणा ने कामरेड विनोद मिश्रा तथा प्रयात कॉमरेड विनोद बिहारी महतो के शहादत व स्मृति दिवस पर उन दिवंगत नेताओं व शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सचिव सुनील राणा, प्रखंड सचिव सुशील मोहली, सूरज मुर्मू, सुनील मोहली, जयदेव मोहली, कार्तिक मोहली, देवलाल मोहली, रवि लाल टुडू, लखी हांसदा, शांति हेंब्रम, सुनील हांसदा, संजय गोराई सहित अन्य कामरेड मौजूद थे।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में आईजी ने सुनी लोगों की शिकायतें

जामताड़ा ।संताल एक्सप्रेस। झारखंड पुलिस के राज्य स्तरीय जनशिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत बुधवार को जामताड़ा सदर थाना अंतर्गत मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय जेवीसी प्लस टू के सभागार में जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आईजी टीटीपी हजारीबाग, शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने शिकायतों का समाधान किया। शिकायत सुनने के उपरांत आईजी ने बताया कि इस कार्यक्रम में ज्यादातर जमीन विवाद से संबंधित मामले सुनने को मिले हैं। इसके अलावा किन्हीं कारण से धमकी दिए जाने के मामले भी आए। घरेलू हिंसा से जुड़े मामले भी हमारे समक्ष आए हैं और पहली बार हमने देखा है कि जामताड़ा में पुलिस के समक्ष साइबर अपराध से संबंधित मामला आया, जिसमें शिकायतकर्ता ने किन्हीं कारणों से अकाउंट फ्रीज हो जाने की बात को लेकर शिकायत की। कुछ ऐसे भी आए जिन्होंने किसी मामले में गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत की। आईजी ने बताया कि पुलिस के द्वारा आयोजित समाधान कार्यक्रम में अंचल निरीक्षक और आंचल के कर्मचारी भी शामिल हुए। हमने थाना प्रभारी और अपने जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी को यह निर्देश दिया है कि आप आवेदक की वस्तु स्थिति का निरीक्षण कर उनकी शिकायतों का समाधान करने में तत्परता दिखाएं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यह है कि लोग अपनी शिकायत खुलकर हमारे सामने रख सकें ताकि हमें समाधान करने में सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि हम हर समस्या का समाधान नहीं कर सकते हैं, पर हमारा प्रयास यह जरूर है कि हम लोगों की सभी समस्याओं को ध्यान से सुनें और जितने भी समस्या के समाधान को लेकर हमारी ओर से बेहतर पहल हो सके हम उसे करें, चाहे वह किसी भी विभाग से संबंधित मामला क्यों ना हो। इस मौके पर प्रशिक्षु एसपी राघवेंद्र शर्मा, मुख्यालय डीएसपी संजय कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लगोरी, थाना प्रभारी जामताड़ा इंस्पेक्टर राजेश मंडल, थाना प्रभारी मिहिजाम विवेकानंद दुबे सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

जन शिकायत समाधान को लेकर गोड्डा एवं महागामा में कार्यक्रम आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

गोड्डा । महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावकारी ढंग से निवारण हेतु जिला में जिला स्तर पर ÷जन शिकायत समाधान कार्यक्रम÷ आयोजित किया गया। मुख्यालय के भतडीहा स्थित नगर भवन एवं महागामा के उर्जानगर स्थित विवाह भवन में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए विभिन्न विषयों पर जागरूकता हेतु चर्चा की गई। इस दौरान गोड्डा पुलिस अधीक्षक, अनिमेष नैथानी एवं मुख्य अतिथि शैलेन्द्र प्रसाद वर्णवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, झारखण्ड, राँची के द्वारा भी आमजनों को संबोधन के पश्चात शिकायतों की सुनवाई एवं पंजीकरण आरंभ किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में समस्त गोड्डा / महागामा अनुमण्डल से प्राप्त शिकायतों को पंजीकरण करते हुए प्राप्ति रसीद दिया गया तथा त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित थाना प्रभारी एवं वरीय पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। मौके पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, गोड्डा, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गोड्डा, अनुमण्डल

पदाधिकारी, गोड्डा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, पोड़ैयाहाट, अंचलाधिकारी, गोड्डा, पुलिस निरीक्षक, सदर प्रभाग, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, नगर एवं गोड्डा अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी तथा विवाह भवन उर्जानगर, महागामा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महागामा, पुलिस निरीक्षक, महागामा एवं महागामा अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी /कर्मी उपस्थित रहे।

ग्रामीण विकास मंत्री ने कला पार्टियों को किया पुरस्कृत

ठाकुर गंगटी (गोड्डा) । प्रखंड क्षेत्र के फुलबड़ीया पंचायत अंतर्गत सोनपुर गांव में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सोमवार को करम पूजा मनाया गया। इस करम पूजा में क्षेत्रीय विधायक सह ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ निकटवर्ती मेहरमा, बोआरिजोर, बोरियो आदि प्रखंड क्षेत्र के कई कला पार्टियों ने भाग लिया। सभी कला पार्टियों ने आदिवासी वेशभूषा, लिबास और आदिवासी वादक यंत्र के साथ बेहतरीन कला, संगीत, गीत, नृत्य प्रस्तुत किया। सबों को गीत नृत्य संगीत में धूम मचाते हुए देख ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने अपने आप को भी नहीं रोक पाई और आदिवासी भाइयों, बहनों की आग्रह पर उनके साथ भी कुछ समय नृत्य करने लगी। बताया कि इस गांव में प्रत्येक वर्ष इसी प्रकार विस्तार रूप से यह करम पर्व मनाई जाती रही है। और कला पार्टियों के बीच पुरस्कार भी वितरित की जाती रही है। बोरियो प्रखंड क्षेत्र के बड़ा कुस्बी गांव के मोरेलाल मुर्मू को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रथम पुरस्कार के रूप में 15001 रुपए से पुरस्कृत किया। वहीं केंदुआ निवासी बेटका सोरेन को द्वितीय पुरस्कार के रूप में फुलबड़ीया पंचायत की मुखिया सालोमी मुर्मू ने 12001रुपए से प्रस्तुत किया। दलदली गोपालपुर ग्राम निवासी सुरई किसकु को कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने तृतीय पुरस्कार के रूप में 9001रुपए से पुरस्कृत किया। कई अन्य कला पार्टियों को भी सांत्वना पुरस्कार के रूप में ग्रामीणों द्वारा पुरस्कृत कराया गया।

ए - डिवीजन क्रिकेट लीग मुकाबला

रिलायंस क्लब ने स्वामी विवेकानंद क्लब को 7 विकेट से पराजित किया

गोड्डा । जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित, डिवीजन क्रिकेट लीग में रिलायंस क्रिकेट क्लब ने स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से पराजित किया। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वामी विवेकानंद क्रिकेट क्लब की टीम ने 35 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 135 रनों का स्कोर खड़ा किया। सागर कुमार ने 34 रन एवम रौशन कुमार ने 37 रनों की पारी खेली। सिद्धार्थ कुमार ने 3 विकेट एवं सौरव मांझी ने 2 विकेट प्राप्त किए। जवाब में रिलायंस क्रिकेट क्लब की टीम 26 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 8 विकेट से मैच जीत लिया। सौरव सुमन 47 रन एवम आयुष कुमार ने 40 रनों की पारी खेली। नीरज एवं रौशन ने 1 -1 विकेट प्राप्त किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिद्धार्थ कुमार को जिला क्रिकेट संघ के सदस्य विजय राय के द्वारा दिया गया। अंपायर की भूमिका में प्रभुनाथ साह एवम विजय राय तथा स्कोरर मनीष कुमार थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

रिलायंस - बी ने एलेवेन स्टार - बी को 6 रन से किया पराजित

गोड्डा । जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित ए डिवीजन क्रिकेट लीग में बुधवार को रिलायंस क्रिकेट क्लब बी ने 11 स्टार क्रिकेट क्लब बी को 6 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रिलायंस क्रिकेट क्लब बी की टीम ने 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 157 रनों का स्कोर खड़ा किया। राहुल रंजन ने 49 रन एवम चन्दन कुमार ने 35 रनों की पारी खेली। रोहित कुमार ने 4 विकेट एवं केशव महतो ने 3 विकेट प्राप्त किए। जवाब में 11 स्टार क्रिकेट क्लब बी की टीम 28.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 151 रन पर सिमट गई। प्रियांशु 41 रन एवम विक्रम ने 41 रनों की पारी खेली। नोमान 4 विकेट एवं सावन ने 3 विकेट प्राप्त किए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नोमान असरफ को जिला क्रिकेट संघ के सदस्य विजय राय के द्वारा दिया गया है। अंपायर की भूमिका में प्रभुनाथ साह एवम विजय राय तथा स्कोरर मनीष कुमार थे। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत बैठक

महागामा । प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोनाराम हांसदा की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेयजल स्वच्छता विभाग महागामा के कन्या अभियंता प्रेम उरांव, प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, सचिव व जलसहिया मौजूद थे। इस दौरान बैठक में कनीय अभियंता प्रेम उरांव ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम स्तर पर साफ सफाई का कार्य करके गांव को स्वच्छ सुंदर बनाने पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि जो गांव स्वच्छता में फाइव स्टार रेटिंग उसको स्वच्छ सुंदर गांव घोषित किया जाएगा। इसके लिए स्वच्छ गांव को लेकर स्टार वन स्टार थ्री स्टार फाइव की रेटिंग की जा रही है। बैठक में बताया गया कि मनरेगा 15वां वित्त आयोग से स्वच्छता का कार्य करवाना है इसके तहत कूड़ा कचरा प्रबंधन को लेकर विभिन्न कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों को खुले में कूड़ा कचरा को नहीं फेंकने को लेकर जागरूक किया जाएगा वही आवश्यकतानुसार पंचायत क्षेत्र के गांव में नाला के निर्माण के लिए जीपीडीपी में प्रस्ताव लाया जाएगा। सोख्ता निर्माण कराने पर भी बैठक में जोर दिया गया। वहीं महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए कमेटी का गठन करने को कहा गया।

जागरूकता अभियान को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की रैली

गोड्डा । संताल एक्सप्रेस। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों व अभिवंचितों के बीच जन जागरुकता अभियान चलाने को लेकर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 15 दिसंबर 24 से 15 मार्च 25 तक आउटरिच कैम्पेन का आयोजन किया गया है। इसका शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रैली निकालकर किया गया। रैली व्यवहार न्यायालय से निकलकर जिला मुख्यालय के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरती हुई न्यायालय परिसर पहुंची। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह पीडीजे राजेश कुमार वैश्य ने कहा कि एक्सक्यूटिव चेयरमेन झालसा के निर्देश पर पूरे राज्य में 90 दिनों तक जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में जिले के प्रखंड, पुलिस स्टेशन एवं पंचायत स्तर पर पदस्थापित अधिकार मित्र सह पीएलवी घर- घर जाकर लोगों को जागरुकता का पाठ पढ़ायेंगे। इसके अलावा प्रखंड स्तर पर मेगा लीगल सर्विस सह इमपावरमेंट कैंप लगाकर अभिवंचितों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में गठित लीगल लिटरेशी क्लब की ओर से लेख, पेंटिंग, वाद- विवाद प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। एससी-एसटी, समाज के कमजोर वर्गों, अभिवंचित वर्गों, बच्चे, दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण की दिशा में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहीं बाल विवाह, साइबर ठगी, नशाखोरी, डायन निरोधक सहित अन्य कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में भी विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव डा. प्रदीप कुमार कर रहे थे। रैली में न्यायिक पदाधिकारी के साथ- साथ दर्जनों अधिकार मित्र शामिल थे।

प्रशासन गांव की ओर शिविर का आयोजन आज, डीसी ने दिए जरूरी दिशा निर्देश

गोड्डा । कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड, द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 19 से 24 दिसम्बर तक जिले में गुड गवर्नेस वीक के अन्तर्गत ÷प्रशासन गांव की ओर÷ कैम्पेन का आयोजन किया जाएगा। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर ने बताया कि गुड गवर्नेस वीक का मुख्य उद्देश्य आमजन को दी जाने वाली सेवाओं मे सुधार लाना एवं उनकी समस्याओं को दूर करना है। सप्ताह के दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 व सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित परिवेदनाओं का प्रमुखता से निस्तारण करवाए जाने के साथ ही सभी प्रखंड के पंचायत में विशेष कैम्प का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। उक्त कैंपेन में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजना यथा- मनरेगा, पीएम जनमन सर्वे आदि से संबंधित प्राप्त दावा/शिकायत का निराकरण किया जाएगा।

चौकीदार बहाली : कट-ऑफ को सार्वजनिक करें, नहीं तो होगा आंदोलन : सौरभ परासर

गोड्डा । संताल एक्सप्रेस। शहर के चर्चित समाज सेवी सौरभ पाराशर उर्फ बच्चू झा चौकीदार बहाली मामले को लेकर काफी गंभीर हैं। साथ ही वे छात्रों के परेशानियां से आहत भी। इस संदर्भ में उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बहाली की गड़बड़ी में सुधार करने अथवा आंदोलन की बात कर अपनी मंशा साफ कर दी है। उन्होंने कहा है कि छात्रों के हित में उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करता हूं। छात्रों द्वारा चौकीदार बहाली में धांधली के आरोप लगाए गए हैं, और उनका यह आरोप है कि कट-ऑफ सार्वजनिक नहीं किया गया, जिससे पारदर्शिता का अभाव है। यह छात्रों के अधिकारों का उल्लंघन है और उनके भविष्य के साथ अन्याय किया जा रहा है। यदि एक सप्ताह के भीतर इस मुद्दे का समाधान नहीं किया जाता है और कट-ऑफ को सार्वजनिक नहीं किया जाता, तो वे छात्रों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। यह समय की मांग है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि छात्रों को न्याय मिल सके और उनका भविष्य सुरक्षित रहे। कहा कि चौकीदार बहाली में किसी प्रकार की धांधली या अनियमितता को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार और संबंधित अधिकारियों से मेरा यह आग्रह है कि वे पारदर्शिता के साथ कट-ऑफ को सार्वजनिक करें और छात्रों की समस्याओं का समाधान करें। ताकि उनके अधिकारों का सम्मान हो सके और उनके भविष्य पर कोई विपरीत असर न पड़े।

किशोरियों की शिक्षा, सुरक्षा और पोषण के लिए किशोरी- अभिभावक संवाद का आयोजन

गोड्डा। संताल एक्सप्रेस। बोआरीजोर प्रखंड के मेघी पंचायत भवन में बुधवार को अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से साथी संस्था द्वारा किशोरी अभिभावक संवाद का आयोजन किया गया जिसमे पंचायत के किशोरिया और उनके अभिभावक ने भाग लिया। संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए साथी संस्था के कालेश्वर मंडल ने कहा की किशोरियों की शिक्षा, सुरक्षा और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए किशोरी और अभिभावक को समन्वय के साथ काम करना है इन्होने कहा कि अभिभावक को किशोरियां स्कूल जाती है, सरकारी योजनाओं से जुड़ाव जैसे मुद्दे का मूल्यांकन करना जरुरी है इसके साथ साथ सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ग्राम बाल संरक्षण समिति कि बैठक को हर माह करना है कोई बाहरी व्यक्ति गाँव मे आये तो और किसी को बहला फुसला कर कोई प्रलोभन देकर कहीं ले जाना चाहे तो उससे रोकना चाहिए और इसकी सूचना पुलिस को देना चाहिए। प्रखंड समन्वयक अमर कुमार ठाकुर ने कहा कि किशोरियों के स्वस्थ्य को ध्यान रखते हुए घर के आस पास बाड़ी मे पोषनबाड़ी का रूप देते हुए साग, सब्जी, लगाना चाहिए ताकि उसका उपयोग घर मे हो सके क्योंकि खरीद कर खाना मुश्किल है इसलिए इसके लिए गाँव समाज मे प्रोत्साहित करना चाहिए। पियर मेंटर अमिता ने लिंग भेद के बारे में विस्तार से बताया और किशोरियों कि शिक्षा को जारी रखने कि बात बताई। कार्यक्रम में पंचायत के दर्जनों किशोरियां और उनके अभिभावक मौजूद थे।

विधिक जागरूकता अभियान के तहत गरीब ,असहाय के बीच कंबल व फल का वितरण

पाकुड़। झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में नब्बे दिवसीय चलने वाली विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत् टीम सदस्यों द्वारा सभी पीएलवी अपने अपने क्षेत्रों में विधिक जागरूकता अभियान चलाया।इसी क्रम में पीएलवी कमला राय गांगुली नीरज कुमार राउत ने सदर अस्पताल सोनाजोड़ी पाकुड़ में वृद्ध,बीमार गरीब लोगों के बीच चिन्हित कर दर्जनों लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान वृद्ध आश्रम में भी पहुंच कर उनके बीच दर्जनों कंबल, फल का वितरण किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ से मिलने वाले मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में विधिक जानकारी दी गई। मौके पर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स एवं समाजिक कार्यकर्ता सेवानिवृत्त साधना दत्ता, शिवेंदु दत्ता, अलीभा दत्ता, खोखन विश्वास भी मौजूद रहे।

भाजपा में सदस्यता अभियान चलने को लेकर हुई बैठक

गोड्डा । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में नगर भाजपा का सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से नगर अध्यक्ष ने बताया गया कि सभी कार्यकर्ताओं को अपने- अपने बूथ पर 50 प्लस सदस्य बनाना है साथ ही नमो ऐप पर सदस्यों का रजिस्टर करना और करवाना अनिवार्य है। वहीं बताया गया कि प्रत्येक बूथ पर स्टाल लगाकर 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ करना है। तत्पश्चात सक्रिय सदस्य का अभियान चलाया जाएगा। वहीं बताया गया कि आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के श्रद्धांजलि दिवस पर विशेष सदस्यता अभियान चलना है। सदस्यता अभियान के बाद पार्टी द्वारा वेरिफिकेशन का कार्य किया जाएगा। उक्त बैठक में जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल, शिवराम जायसवाल, विष्णु कुमार साह, चंदन कुमार यादव, राजीव कुमार, बबीता मोदी, वेदानंद ठाकुर, सन्नी कुमार पूर्वे, कुंदन साह, बृजेश कुमार, शिवनंदन प्रशांत, जयप्रकाश मंडल, जीतू सिंह, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

संविधान रक्षक अभियान के तहत अंबेडकर नगर में कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा । संविधान रक्षक अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को नगर के वार्ड नंबर 1 स्थित अंबेडकर नगर में कांग्रेस जिला सचिव सुशीला देवी के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। वहीं कार्यक्रम में सुशीला देवी ने कहां की आज हमलोग डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब के द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा के लिए जागरूकता फैला रहे हैं। आज उनके द्वारा दिए गए आरक्षण के कारण हम लोग का जीवन स्तर ऊपर हो रहा है उन्होंने भाजपा द्वारा पूरे देश में संविधान बदलने की कुकृत पर कड़ा निंदा व्यक्त की और उपस्थित सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया कि हम लोग सब मिलकर भाजपा के इस गंदी साजिश को सफल नहीं होने देंगे। प्रवक्ता अमरेंद्र कुमार अमर ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा में अंबेडकर साहब के बारे में इस तरह का बयान देना घोर अपराध है। पूरा जिला कांग्रेस कमेटी इसका घोर निंदा करती है। कहा की जब-जब संविधान पर संकट का बादल मंडराएगा कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता इसके रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में पीछे नहीं हटेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह, युवा कांग्रेस के नेता मुकेश मंडल, देव कुमार, अमित कुमार दास, कुलदीप दास, लक्ष्मी देवी, ब्यूटी कुमारी, नेहा देवी, निलेश कुमार, मुकेश दास, मनीष कुमार दास, मीना देवी, विकास कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता गंगाराम के आकस्मिक निधन पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

गोड्डा । सदर प्रखंड अंतर्गत मारखन पंचायत के युवा कांग्रेस नेता गंगा राम सोरेन का आकस्मिक निधन हो गया। यह खबर सुनकर जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव और जिला सचिव निरंजन सिकदार मृतक नेता के गांव मारखन पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया और फूल माला पहनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस युवा कार्यकर्ता के आकस्मिक निधन से उन्हें बहुत खेद है। कहा कि उसकी जगह की भरपाई करना बहुत मुश्किल है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के भी सभी सदस्यों ने गंगाराम सोरेन के आकस्मिक निधन पर दुख प्रकट किया है।

अग्रिम मानदेय आर बार चान्दो रेयाक् बकाया मानदेय एमावाको बाखरा स्वास्थ्य विभाग रेन अनुबंध कर्मीकोवाक् प्रर्दशन

खोबोरिया

दुमका। फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ रेयाक् बैनर दाराय ते दुमका जिला रेयाक् स्वास्थ्य विभाग तारी रे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रेको कामीकान अल्प वेतन भोगी अनुबंध कर्मी दो अक्टूबर, नवंबर रेयाक् बकाया मानदेय आर क्रिसमर्स पोरोब बाखरा दिसंबर चान्दो रेयाक् अग्रिम मानदेय एमावाको लागित् दुमका सिविल सर्जन डॉ बच्चा प्रसाद सिंह ठेन दारखास एमाय तुलुच् खोजको दोहो केदा। अनुबंध कर्मी दो रांगाव आर आसकेताकान मेनाक्कोआ चेदाक्जे मित् हों तालव गे मानदेय एमोक् रे विभाग दोय बिलाम इदियेत् काना। अभियान निर्देशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड रेयाक् पत्रांक 1000 (एमडी), माहित 15.06.2024 रेयाक् हुकुम लेकाते जोतो जिला सिविल सर्जन दो नोआ बातलाव आकात्कोआ जे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड तारी रेको कामीकान कर्मीकोवाक् मानदेय भुगतान दो जाव चान्दो रेयाक् 2 तारीक हाबिच् ते एमावाकोआ, सांवते अतिरिक्त बजट रेयाक् लाकती पाड़ाक् रे मित् चान्दो माड़ाङ रे बजट ओनमान काते राज्य मु यालयको बाडाय ओचोयेया। एन कातेक् रे हों अल्प वेतनभोगी अनुबंध कर्मी दो जावगे सोमोय रे मानदेय दो बाको जामेत् काना।प्रखंड आर जिला कार्यालय हों बकाया मानदेय बाबोत रे कुलीयेत्किनखान एकेन नोआ गेकिन मेनेत् काना जे राज्य खोन फण्ड बाको कोलआकादा। जबकि मानदेय छाडा जुदा-जुदा मद लागित् पायसा दो जावगेताहेंन काना। अनुबंध कर्मी दोको खोज केदा जे मानदेय दो आसोकायतेको एमावाकोमा। नोआ बेगोर ते अनुबंध कर्मी दो चेका तेकोआसुलोक्आ। मानदेय सोमोय रे बाको जामेत् ते अल्प वेतनभोगीअनुबंध कर्मी दो नोआ महंगाई ताला रे घारोंज चालाव हों आडीकोमुसकिल आकाना। ओड़ाक् रे हाड़ाम-बुढ़ही जावगे रूवाक् ते गेकोताहेंन काना, ओनको लागित् हों रान बेबोसताय होंको मुसकिल आकाना।

गिदराकोवाक् स्कूल फीस हों सोमोय रे बाको जामायेत्कानरे गिदरा आर अनुबंध कर्मीको उपार रे बाड़िच् असर पाड़ाक् काना। पायसा रेयाक् ओभाब रे फील्ड ड्यूटी दो कर्मीको लागित्आडीतेत् गे मुसकिल इदिक् काना। नोआ रे जासतीकाय ते दो मायजीउकर्मीको कामी काना। एन काते रे हों स्वास्थ्य विभाग आर झारखंडसरकार दो नोको नासे हों बाय मेंत्-लुतुराको काना। नित ईसाई धोरोम रेन होड़कोवाक् जोतो खोन माराङ पोरोब क्रिसमस हों नोआ चान्दो गे मेनाक्आ। घारोंज रेन आर गिदरा हों पोरोब रे आस धोराव कातेको ताहेंन काना जे क्रिसमस पोरोब दो आडीरासका सालाक्ले मानावा। मेनखान बकाया मानदेय बाङ जाम आकान ते आस हों हुलासभांगा इदिक् काना। सरकारी प्रावधान लेकाते पोरोब-पोरबासको रे दो अग्रिम मानदेय एमावाको रेयाक् नेयोममेनाक् आकादा। फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ होतेतेसिविल सर्जन कार्यालय बाहर रे मानदेय बाखराको प्रदर्शन केदा। नोआसांव-सांवते मीडिया दाराय ते सिरामंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, दुमका विधायक, शिकारीपाड़ा विधायक, जामा विधायक आर दुमका सांसद ठेनकोनेहोर एना जे अक्टूबर, नवंबर रेयाक् बकाया मानदेय आर क्रिसमस पोरोब बाखरा दिसंबर चान्दो रेयाक् अग्रिम मानदेय एमावाकोमा। नोआओपसोर रे निरोजनी हांसदा, पुष्पा सोरेंग, प्रेमा आई भी सोरेन, रोजलिन हांसदा, मोनिका मरांडी, ओलिववाणी सोरेन, ललिता सोरेन, उषाकिरण हांसदा, सबिना हांसदा, एमेली हेमब्रम, सलबिना हांसदा, शुसरनासोरेन, मंजू मरांडी, दिपिका टुडू, विनीता मुर्मू, स्नेहलता बास्की, अग्नेश हेमब्रम, नेली रोजमेरी मरांडी, पुष्पा सोरेन, विनीता मुर्मू, सुपल्लवी सोरेन, निरोजनी हांसदा एमानको सेटेराकान ताहेंकाना।

कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन मार्च रेको सेलेत् एना

खोबोरिया

हजारीबाग। गौतम अडानी आर मणिपुर हिंसा विरोध रे झारखंड प्रदेशकांग्रेस कमेटी रेन अध्यक्ष केशव महतो कमलेशाक् नेहोर रे जिलाअध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादवाक् आयुर रे साय-साय लेखा रे पार्टी कार्यकर्ता दो मित् माहांकिया राजभवन मार्च रेको सेलेत् एना। राजभवन मार्च रे आवास बोर्ड रेन अध्यक्ष संजय लाल पासवान, धार्मिक न्यास बोर्ड रेन अध्यक्ष जय शंकर पाठक, एस सेल रेन अध्यक्ष केदार पासवान,प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, शशिमोहन सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, संजय तिवारी, दिग बर प्रसाद मेहता सांवते प्रखंड अध्यक्षको रे अजीत कुमार सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, मो.नौशाद, शिबू प्रसाद सोनी, बैजू गलहोत आर राजू साव छाडा साय-साय कांग्रेस कार्यकर्ताको सेलेत् आकान ताहेंकाना।

सुरक्षाबल दो आतो रेको कैंप केदा, बोतोर ते इनामी नक्सली दोय रापुत् केदा आयाक् ओड़ाक्

खोबोरिया

जगदलपुर। सुकमा जिला रेयाक् पूवर्ती आतो रे मेनाय नक्सलीको रेनसेंट्रल कमेटी रासिया आर मित् करोड़ रेन इनामी नक्सली माड़वीहिड़मा आर बटालियन नंबर 1 रेन कमांडर देवा बारसेयाक् ओड़ाक् नक्सली दो निज तेको रापुत् आकादा। बानार नक्सलीयाक् ओड़ाक् आडेपासे रेन होड़ाक् रापुद खोबोर मेनाक्आ। पुलिस दो नोवाको जांचेत् काना। सुकमा एसपी किरण चव्हाण दो बुधवार हिलोक्ए लाईकेदा जे घाने घाने नक्सली हिड़मावाक् ओड़ाक् लागित् मीडिया रिपोटिंग होयोक् ताहेंना। इना तायोम आतो रेन दो बाङ;बोरोङ नक्सली दो आको रेन लीडर नक्सली हिड़मा आर देवावाक्ओड़ाक्को रापुत् आकादा। इत्र हों नोआ बाबोत रे पत्ताव लागावेत्काना जे ओकोयाक् मेन रे ओकोय ओना ओड़ाक्ए

रापुत्आकादा। आसोल दो, सुकमा जिला रेयाक् पूवर्ती आतो रे हिड़मा आरदेवाताकिनाक् ओड़ाक् मेनाक्आ। नोण्डे सुरक्षा बलआक् कैंप होयेन तायोम हिड़मा दो आच् गोगो ओका सेच् चोय इदी केदेया। नोआ ताला आदोम फोटो वायरल एना नोआ रे मित् ओड़ाक् पुराउ ते रापुत्आकात् जेलोक् काना। नोआ ओड़ाक् दो नक्सली लीडर देवा बारसेयाक्को लायेत् काना। नोण्डे खोन थोड़ा सांगिज रेसुरक्षाबलाक् कैंप मेनाक्आ। बानार ओड़ाक् रापुद तायोम कुकलीराकाप् काना जे नोआ ओड़ाक् ओकोय रापुत् केदा। चेत् आतो होड़को रापुत् केदा? बाडायाक् काना जे 2024 रे पूवर्ती आतो रे सुरक्षाबलकोवाक् कैंपको खुलाउ आकादा। ओका हिलोक् कैंप ुलाउ एना उन हिलोक् हिड़मा एंगात ओड़ाक् रे गेय ताहेकाना। सुकमा एसपी किरण चव्हाण दो हिड़मा एंगात सांवतेय जापाम लेना। मेनखान मित् दिन हिड़मा एंगात हों आतो खोन ओका सेच् चोय चालाव एना। नोडकाकोलायेत् काना जे नक्सली हिड़मा खुद आच् गोगो नोण्डे खोने इदी केदेया। ओका आतो रेय दोहो आकादेया। नोआ दो बाको बाडाया। हिड़मा दो नारायणपुर बीजापुर गढ़चिरौली रे आयमा बोछोर हाबिच्ए रिकिड़े ताहेंकाना। आर हिड़मा दो कोंटा एरिया कमेटी रेन ज्वाइंट प्लाटून रेन कमांडर ए बेनाव लेना। हिड़मा दो 2007 खोन 2021 हाबिच् नुई दो माराङ नक्सली वारदात अंजाम एमावादा। नक्सलीमाड़वी हिड़मा रे मित् करोड़ टाका इनामको घोषित आकादा। नक्सली देवा बारसे हो पूवर्ती आतो रेन कानाय। हिड़मावाक् सेंट्रल कमेटी रेय सेनेन तायोम नक्सलीयाक् आडी केटेच् बटालियन नंबर1 रेयाक् जिमावारी देवा बारसेको जिमावादेया। नितोक् बटालियन नंबर 1 दो देवा बारसेय सामबड़ावेत् काना। नोआ रे हों लाख टाका रेयाक् इनामको घोषित आकादा।

जिला रेन जोतो पुलिस अधिकारीको दो होड़ाक् मुसकिलाक्को फान्डाव केदा : एसपी

जन शिकायत समाधान रे होड़ाक् मुसकिलाक्को फान्डाव केदा पुलिस

खोबोरिया

रामगढ़। झारखंड रेन डीजीपीवाक् बातलाव रे रामगढ़ जिला रेसागुनमाहां हिलोक् जन शिकायत समाधान रेयाक् कामीहोराको ओराम आचो केदा। नोआ ओकते रे जोतो अधिकारीको दो रामगढ़ बाजार रेयाक् सिद्ध कान्हू टान्डी रे मित्टेन मंच रेको सेटेर एना। जोतो होड़ मिलाउ कातेक् होड़कोवाक् मुसकिलाक्को फान्डावकेदा। नोआ काथा दो सागुनमाहां हिलोक् जन शिकायत कामीहोरा फान्डाव रे एसपी अजय कुमार दोय लाई केदा। उनी दो नोवाय लायात्कोआ जे नोआ खोन लाहा सितंबर चान्दो रे हों शिविर दो ओराम आचो लेदा। ओका दो मोटामुटी 175 गोटेच् गान होड़कोसेटेर लेना ओनको मुद रे 150 गोटेच् होड़ाक् मामला दो फान्डावहोय चुकाउ आकाना, थोड़ा गान मामला दो नोडका ताहेंकाना जे सोलहागानोक् लेकान गे बाङ ताहेंकाना। सांवते थोड़ा गान मामला दो न्यायालय रे बाङ फायसालावाकाना। नोङकान ओकते रे पुलिसाक् अन्डर खोन दो बाहरे गेया। एसपी दोय लाई केदा जे जोतो थाना प्रभारी समाधान केंद्र रेको सेटेर लेना। नोन्डे मोटामुटी 100 गान खोन हों जासती मामला सेटेर लेना। मोटामुटी गेल गोटेच् गान मामला दो ऑन द स्पॉट फान्डाव हों होयेना। नोआ छाडा आर हों एटाक् मामला रेयाक् हों उसारा गेको फान्डावा। उनी दोय लाई केदा जे लालिसान होड़ दो मित्टेन कातेक् टोकोन नंबरको एमावात्कोआ, ओना ऑनलाइन लागित् तेको कुरूमुटूयेत् काना। टोकन नंबर ते लालिस होड़ दो आपनाराक् दारखास साकाम रे होयेन कामी रेयाक् बानाडाय दो थानारे होंको हाताव दाड़ेयाक्आ। ढेरकाय ते मामला दो जुमी-जायगा सांवजोड़ाव ताहेंकाना। नोआ रेयाक् फान्डाव लागित् ते अंचल अधिकारी होंको होहोवादे ताहेंकाना। जन शिकायत समाधान केंद्र रेयाक् जेलओनमान लागित् ते डीसी चंदन कुमार होंय सेटेर एना। उन ओकते उनीदो होड़ाकोवाक् मुसकिलाक् आर फान्डाव बाबोत रेय बानाडाये हाताव केदा। उनी दो पुलिस अधिकारीको ठेन खोन जुमी-जायगा सांवजोड़ावाकान मामला रे मित्टेन टीम बेनाव कातेक् कामी लागित्तेय बातलावाक्कोआ।

एबीवीपीयाक् 25आक् प्रदेश अधिवेशन रेयाक् पोस्टर विमोचोन

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् एबीवीपीयाक् 25आक् प्रदेश अधिवेशन पे खोन मोड़ें जनवरी 2025 हिलोक् कोयला नगरी धनबाद रेओरामोक्आ। एबीवीपीयाक् अधिवेशन रेयाक् पोस्टर विमोचोन दो प्रदेश कार्यालय रे प्रदेश अध्यक्ष डॉ दीपनारायण जयसवाल, राष्ट्रीयकार्यकारी परिषद् रेन विशेष नेवताय रासिया डॉ पंकज कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी रासिया शुभम पुरोहित, केंद्रीय कार्यसमिति रासिया दिशा दित्या, प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार आरप्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डु राय होतेते होय एना। बाडायाक् काना जे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्आक् पे माहांकिया प्रदेश अधिवेशन रे पोनोत रेयाक् मिमित् जिला आर शैक्षणिक संस्थानको खोन मुटामुटी1000 पाठवा, शिक्षाविद आर प्राध्यापक कार्यकर्ताको सेलेदोक्आ। नोआ अधिवेशन रेन निमित्त गोविंदपुर रे मेनाक् केके पॉलिटेक्निक महाविद्यालय रे मित् अस्थायी नगर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडावाक् जुतुम रे बासावक्आ।

बीडीओ दो बीआरसी आर रानीग्राम मध्य विद्यालय ए जेल ओनमान केदा

रानीश्वर, दुमका। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा दो बुधवार हिलोक् प्रखंड संसाधन केन्द्र आर रानीग्राम मध्य विद्यालय आचकाय जेल ओनमान केदा। जेल ओकते उनी दो शौचालय, मध्यान भोजन आर किलासकोय जेल ओनमान केदा। नोआ ओकते रे शिक्षा विभाग सेच्खोन निर्माणाधीन शौचालय रे बेठिकाक् जेल काते प्रखंड शिक्षाप्रसार पदाधिकारी ठेन उसारा ते रिपोर्ट कोल सोदोर रेयाक्एहुकुमात्कोआ। उनी दो रानीग्राम मध्य विद्यालय रे बेनावक् कान मध्याहनभोजन आर किचन रेयाक् होंय जेल केदा। उनी दोय मेन केदा जेहापताकिया मेन्यू धेयान रे दोहोकाते गिदराको लागित् पौष्टिक जोमाक् दाकाको बेनाव। जेलाक् ओकते प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी करूणा रानी मंडल, विद्यालय रेन हेड माहांसोय अधीर कुमार बाऊरीय ताहेकाना।

सोड़ोक घोटोना रे मित्टेन माहांसोयाक् बेण्डाव

खोबोरिया

लातेहार। जिला मु यालय रेयाक् किन्नामाड़ रे मेनाक् पेट्रोल पंप सोररे बुधवार हिलोक् एनएच 75 रे टेराक चापोट रेय पाड़ावेन तेमोटरसाइकिल देच् मित्टेन माहांसोये बेण्डाव एना। मेदिनीनगर रेन संजय सिंह 42 उमार रेन कानाय। माहांसोय दो लातेहार रेयाक्कुंदरी मध्य विद्यालय रेन प्रधानाध्यापक रूप रेय कामीकान ताहेंना।बाडायाकान लेकाते माहांसोय संजय सिंह दो आयाक् ओड़ाक् खोनइसकुल ते सेनोक् लागित् मोटरसाइकिल तेय ओडोक लेना। होर रेपेट्रोल पंप रे पेट्रोल सुनुम हाताव तायोम जेमोन गे पेट्रोल पंप खोनबाहरे रोड रेय हेच् एना। नोआ ओकते सामाङ खोन हिजुक् कान मित् टेन टेराक दो उनीये ठोकोर केदेया।

घोटोना ठांव रे गेयगोच् उतार एना। टोठारिया होड़ दो पुलिस ठेनको खोबोर केदा। डीएसपी अरविंद कुमाराक् हुकुम रे पुलिस टीम दोको सेटेर एना आर जांचको एहोप् एना। मांड़ीं दो पोस्टमार्टम लागित् लातेहार सदरहासपाताल तेको कोल आकादा। बाडाय सांवते आयमा माहांसोय आर टोठारिया होड़ दो सदर हासपाताल तेको सेटेर एना। शिक्षक संघरेन नेता हीरा यादव आर अजय कुमार दोकिन लाई केदा जे एकेनमाहांसोय लागित् निहाली रे बायोमेट्रिक सिस्टमको दोहो आकादा। सेताक् स्कूल सेटेर काते जारूड़ गे बायोमेट्रिक सिस्टम ओता काते अटेंडेंस बानाव होयोक्आ। नोआ खातिर आकबाक रे माहांसोयको ताहेंन काना आर नोआ लेकान घोटोना रेको पाड़ावक् काना।शिक्षक संघ रेन नेता दो सरकार ठेनको खोज केदा जे गोच्एनमाहांसोय रेन घारोंज होड़ लागित् तत्काल 50 लाख टाका मुआवजा आर आसरायको तत्काल सरकारी नुकरी एमावाको मा। सांवते गे बायोमेटिक सिस्टम रे हों रोकाव लागित्को खोज केदा।

कटुआ रे सेंगेल लागावेन ते ओड़ाक् दो बेनावेना गैस चैंबर, साहेंत् लागित् तेको दिकातेन ते तुरूई गोटेच् होड़को गोच् एना

खोबोरिया

जम्मू। जिला मु यालय कटुआ रेयाक् वार्ड नंबर 19 शिवानगर रे जिन्दासेच् मित्टेन ओड़ोक् रे सेंगेल लागावेना। ओड़ाक् भितरी रे आरे गोटेच् होड़को गितिच् आकान ताहेंना। ओनको मुद रे तुरूई गोटेच् होड़ दो साहेंत् रे मुसकिलेन तेको गोच् एना। पे होड़ दो आदिसा गे मेनाक्कोआ। मित् होड़ दो बांचावको लागित्ए चालाव लेना, उनी होंय आदिसावाकाना। पोन होड़ दो जीएमसी कटुआ रेको भारती आकात्कोआ। पुलिस दो मामला ओल राकाप् काते सेंगेल लागावेन रेयाक् जाँचको एहोप् केदा। गोच्एनको होड़ाक् पाछनाव रे भारत भूषण रेन कुड़ी गंगा भगत 17 बोछोर उमार, भरत भूषण रेन कोड़ा दानिश भगत 15 बोछोर उमार शहीदी चौक कटुआ रेन गिराबासी, केशव रैना रेन कोड़ा अवतार कृष्ण 81 बोछोर उमार वार्ड नंबर16 शिव नगर कटुआ रेन गिराबासी, अवतार कृष्ण रेन कुड़ी बरखारैना 25 बोछोर उमार शिव नगर कटुआ रेन गिराबासी, अवतार कृष्ण रेन कोड़ा तकाश रैना 3 बोछोर उमार, संदीप कौल रेनकोड़ा अदविक रैना 4 बोछोर उमार नगरोटा ज मू रेन गिराबासीरूप रे होय आकाना। अस्पताल रेको भारती आकात् होड़को मुद रेअवतार कृष्ण रेन एराततेत स्वर्णा 61 बोछोर उमार शिव नगर कटुआरेन गिराबासी, भरत बुशन रेन एराततेत नीतू देवी 40 बोछोर उमार, सैन चंद रेन कोड़ा अरूण कुमार 15 बोछोर उमार बटाटे रामबन रेन गिराबासी आर मनसा राम रेन कोड़ा केवल कृष्ण 69 बोछोर उमार शिव नगर कटुआ रेन गिराबासीको ताहेंकाना।

रामगढ़ रे उप स्वास्थ्य केंद्र बेनाव रे गड़बड़ी रेयाक् सोंदहो, जांच ओचोय रेयाक्को खोज केदा आतो होड़

खोबोरिया

रामगढ़ । नगर परिषद टोठा रेयाक् वार्ड नंबर 10 फलसराय रे उप स्वास्थ्य केंद्र बेनाव रे गड़बड़ी होय आकान रेयाक् सोंदहो राकाप् आकाना। नोआ मामला रे टोठाकिया होड़ दो डीसी चंदन कुमार ठेन जांच ओचोय रेयाक्को खोज आकादा। टोठाकिया आतो होड़ दो सोमाज सुसारिया राजू कुमार बेदियावाक्आयुर रे बेक्नाव जायगाको ओनमान केदा, खान बाडायेना जे ओन्डेदो पोदरा इटा ते भवनको बेनावेत् काना। आतो होड़ दोको मेनेत् काना जे ठिकादार दो जोतो खोन बाड़िच् ईटा ते उप स्वास्थ्य केंद्र रेयाक् भवनको बेनावेत् काना। सांवते ओना रे प्राक्कलन लेका रे कामी दो बाङ होयोक् काना।

कुपवाड़ा रे आतंकी ठिकाना खोनको जाम केदा खाण्डा-बाण्डा आर पोन किलो निसा जिनिस

खोबोरिया

कुपवाड़ा। ज मू-कश्मीर रेयाक् कुपवाड़ा जिला रे सेना आरपुलिसाक् मिलवा तलाशी अभियान रे मित्टेन आतंकी ठिकाना रे खाण्डा-बाण्डा आर निसा जिनिसको जाम केदा। भितरी-भितरी ते जामलेन खोबोर लेका रे होयेन कार्रवाई रे नोआ दोको जोजाव आकाना।मित्टेन अधिकारी दोय

लाई केदा जे 17 दिसंबर हिलोक् जुहुम आतंकवादी सापको लागित् कुपवाड़ा रेयाक् तंगधार सेक्टर रे तलाशी अभियानको एहोप् केदा। नोआ ताला रे सेक्टर रेयाक् अमराही रे मित्टेन आतंकी ठिकाना खोन पोनया पिस्तौल, तुरूई गोटेच् मैगजीन आर मोटामुटी पोन किलोग्राम निसा जिनिसको जाम केदा।

फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना होते चासीकोवाक् गापालमाराव ओरामेना

खोबोरिया

काठीकुंड। फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना होते कनीय पौधा संरक्षणपदाधिकारी शुभांकर गुप्तावाक् आयुर रे बुधवार हिलोक् काठीकुंड प्रखंड ताला तेयाक् बिछियापहाड़ी पंचायत रेयाक् बुरीदंगालआतो रे चासीकोवाक् गालमाराव ओराम एना। कामीहोरा रेकाठीकुंड बीटीएम आर पौधा संरक्षण केंद्र, काठीकुंड रेन प्रभारीकर्मचारी होतेते चासीको रबी फसल रे कीट आर रोग कंट्रोल बाबोतरेय लायात्कोआ। नोआ ओपसोर रे बीटीएम काठीकुंड डायमंडकुणाल, पौधा संरक्षण निरीक्षक दुमका अखिलेश झा, प्रभारी पौधासंरक्षण केंद्र, काठीकुंड सह पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक मुनेश्वर कुमारएमान आसोलकाय तेको सेलेत् एना। रबी कृषक गोष्ठी रे आसोल रूप ते रबी फसलको रे तुड़ी, बुट, जोंडरा, कुपी सब्जीको, आलू सब्जीको रेकीट, रोग आर पतवार प्रबंधन, कीटनाशक रानको मोज ते बेवहार,फोर्थ जनरेशन कीटनाशक रानको रेयाक् जानकारी आर

जैविककीटनाशक रानको बाबोत रे चासीकोको लायात्कोआ। ताक रेकीटनाशक रानको बेवहार ते जोनोड़ाव जारूड़ान सावधानीको आर ओनकोवाक् जासतीकाय मात्रा रे बेवहार ते जोनोड़ाव लोकसान बाबोत रे जागवारको रेयाक्को कुरूमुटू केदा।

गापालमाराव दुपुड्डुप्को ओराम केदा

जामताड़ा। सागुनमाहां हिलोक् उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कुमुदसहायाक् आयुर रे समाहरणालय सभागार जामताड़ा रे अल्पसं यकअधिकारी दिवस ओकते रे विचार गोष्ठीको ओराम केदा। ओरामेनकामीहोरा सारहाव तुलुच् उपायुक्त दो जोतो होड़ बोगेआस एमावाकोतुलुच्ए मेन केदा जे आपे जोतो होड़पे बाडाय गेया जे अल्पसं यकोवाक् आईदारी रूखिया दोहोय लागित् ते जाव बोछोर गे 18 दिसंबरहिलोक् अल्पसं यक अधिकार दिवस रूप रे सारसादले आकाना। नोआ रेयाक् जोसतेत् दो अल्पसं यको (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी, बांग्लाभाषी आर उड़ियाभाषा) दो आपनाराक् अधिकार बाबोत रे जागवारको जारूड़ काना आर ओनकोवाक् उतनाउ रे चालाक्कानयोजना बाबोत रे हों बाडाय आचोको जारूड़ काना। उनी दोय मेन केदा जे जोतो होड़ गे मित् मोट तेबोन ताहेंन, मोंज तेबोन ताहेंन,आपेको लागित् ते अल्पसं यक आयोग हों बेनावाकाना। ओन्डेकामीहोरा ताला रे आयमा होड़को दोहोकेत् खोज रे बोरसाएमावाको तुलुच्ए मेन केदा जे जा होय दाड़ेयाक्आ ओना रे जिलाप्रशासने कामीया। ओना छाडा उनी दोय मेन केदा जे होड़कोवाक्मुसकिलाक्को आंजोम लागित् ते 24 घंटा सापड़ाव आकान मिनाआ।नोआ रे बिन बोतोर ते आपेयाक् मुसकिलाक् इत्र ठेन दोहोय लागित्तेत्र नेहोरापे काना आर आसित्र एमावापे काना जे जोतो होड़ाक् मुसकिलाक्को दो फान्डावोक्आ। नोआ छाडा उनी दो जिला रेयाक् सरकारी मदरासों रे माहासोयकोवाक् ओभाब रेयाक् खोज रे जिलाशिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षकको दो जारूड़ाक्कोयबातलावाक्कोआ। परियोजना निदेशक आईटीडीउ जुगनू मिंज दोय मेन केदा जे अल्पसं यकको आईदारी रूखिया दोहोय दो जोतो होड़ाक्जिमाबारी काना।

आंदोलनेत्कान चासी दो तेहेत्र पंजाब रे 48 जायगा रेको रोकावा ट्रेन

खोबोरिया

चंडीगढ़। हरियाणा-पंजाब रेयाक् सीमा रे शंभू आर खनौरी रेआंदालनेत्कान चासी दो तेहेत्र पंजाब रे 48 जायगा रे पे घंटाहाबिच् ट्रेन तेंगोय रेयाक्को सारसादले आकादा। रेल रोको आंदोलन दो तिकिन 12 बजे खोन एहोबोक्आ। चासीकोवाक् नोआ सारसादले ते पुलिस, रेलवे पुलिस आर आरपीएफ रेन टीम दोको सोन्तोर आकाना।

रेल रेको आंदोलन रे किसान संगठन दो मित्मोत दो बानुक्कोआ। तेहेत्राक् आंदोलन रे आयमा किसान संगठन सेलेत् दो बानुक्कोआ।चासीकोवाक् विरोध रेयाक् आसोल केंद्र दो पंजाब रेयाक् अमृतसर, जालंधर,

होशियारपुर एमान जिला ताहेंना। किसान नेता सरवणसिंह पंधेर दोय मेन केदा जे रेल रोको आंदोलन रेयाक् जोतो साप्-सापड़ाव दो होय चुकावाकाना। नोआ ताला रे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवालाक् आमरण अनशन बाबोत रे तेहेत्र माराङ (संयुक्त) दुपुड्डुप् होहो आकाना। नोआ रे आगाम लागित् रणनीति गोटाक्आ। पंजाब सरकार दो 19 दिसंबर हिलोक् चंडीगढ़ रे किसान संगठनकोवाक् दुपुड्डुप्ए होहोवाकादा।

पूर्व रेलवे

ठिका खोबोर सं.: ईएल-74-24, माहित 16.12.2024, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन वैद्य बिजली ठिकादार रेयाक् लाइसेंस मेनाक्आ आर नोआ कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़ेमेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक्जुतुम आर नोआ रेयाक् जायगाः** (क) आसनसोल मंडल-कालूबथान, जसीडीह,चित्तरंजन, सिमुलतला एमान रे सर्कुलेटिंग एरिया रे एमान तेयाक्सोंगे कामीको आर पाइपलाइन सांवते आरसीसी ओएच टैंकको सांवतेबाड़िच् बाड़ावाकान टैंकको/आरसीसी टैंकको बोदोल। (ख) आसनसोलमंडल-एईएन/मधुपुर तारी रे विद्यासागर स्टेशन रे एमान तेयाक् सोंगेकामीको सांवते नावां ओएच टैंक स्ट्रक्चर रेयाक् प्रावधान सांवते दाक् बेबोसताय प्रणाली लाटूय। ठिका **रेयाक् पूंजीः** रु.34,35,464.90, **ठिका कागोच रेयाक् गोनोमः** शून्य। **बायना पायसाः** रु.68,700/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 09 चान्दो। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 10.01.2025 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** रे जेल दाड़ेयाक्आ।

ASN-277/2024-25

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

दो साइबर अपराधी के पास से 6 स्मार्टफोन, 18 सिम कार्ड सहित आधा दर्जन से अधिक बाइक बरामद

संवाददाता

दुमका । जिला के तालझारी थाना पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार के साथ ही अपराधियों के पास से कई मोबाइल, सिम कार्ड एवं कई मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई। मामले के संबंध में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय इक्कुड डुंगडुंग ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि बीते मंगलवार को गुप्त सूचना मिली कि तालझारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-हेठतीनघरा पहाड़ के पास कुछ साइबर अपराधी इकट्ठा हो कर साईबर ठगी कर रहे है । इस संबंध में वरीय पदाधिकारी के द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश प्राप्त हुआ जिसके आधार पर एक छापामारी दल का गठन किया गया । इस संबंध में एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के साथ सन्हा के जाँच सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर ग्राम-हेठतीनघरा स्थित पहाड़ डंगाल के पास पहूँचा तो पुलिस गाड़ी को देखकर सभी लोग भागने लगे। जिसे छापामारी दल के सदस्यों द्वारा दौड़ाकर दो व्यक्तियों को पकड़ा गया जबकि 30-32 व्यक्ति भाग गये । पकड़ाये व्यक्तियों से नाम-पता पूछने पर (1) पवन कुमार मंडल उम्र करीब 21 बर्ष पे0-छत्रधारी मंडल ग्राम-जौंका (2)राकेश कुमार उर्फ छोटू उम्र करीब 26 बर्ष पे0-कालीचरण मंडल, सा0-बुढ़ीकुरुवा,दोनों थाना-तालझारी,जिला-दुमका बताया।उक्त दोनों पकड़ाये अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है तथा उसके पास से कुल-06 मोबाईल,18 सीम कार्ड एवं घटनास्थल से कुल-08 मोटरसाईकिल को विधिवत जप्ती सूची तैयार कर जप्त किया गया है ।भागे हुए व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर उक्त दोनों के द्वारा बताया गया कि 1-)संदीप कुमार मंडल पे-मन्टू मंडल 2)सोनू कुमार मंडल पे-नामालूम (एंव अन्य अज्ञात के विरुद्ध थाना प्रभारी के स्वटंकित बयान के आधार पर तालझारी थाना कांड स0-51/2024,दिनाकं 17.12.2024,धारा-319(2)/61(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5)बी0एन0एस0 एवं 66(बी)/66(सी)/66(डी) आई0टी0एक्ट दर्ज किया गया । गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को माननीय न्यायालय में उपस्थापित करने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी स्थल से कुल 8 मोटरसाइकिल जिसमें (1)होण्डा साईन न0-जेएच15एसी 7016 (2)ग्लेमर न0-जे एच04एल1216 (3)बुलैट मोटरसाईकिल न0-जेएच10डीके 6957 (4)पल्सर ब्लु रंग का न0-जेएच04एबी5263 (5)अपाची न0-जेएच15एल 9330(6)पल्सर जेएच04एम 5178 (7)होण्डा साइन जेएच04यू 9440 (8)स्पलेन्डर जेएच04टी 9155 शामिल है।छापामारी दल में पु0अ0नि0 अजीत कुमार यादव,थाना प्रभारी तालझारी थाना पु0 अ0 नि0 टिकवानन्द भगत,तालझारी थाना, स0 अ0 नि0 धर्वेन्द्र कुमार पासवान, ह0 देवीलाल मराण्डी, आ0/600 महेन्द्र मूर्मू,आ0/549 नुनमणि कोल शामिल थे।

बाइक सवार अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र से लूटे 85 हजार रुपये

संवाददाता

दुमका । दुमका जिला के मुफस्सिल थाना के दुम गांव में बाइक सवार तीन अपराधियों ने बुधवार की दोपहर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक समेत तीन लोगों को बंधक बनाकर ?85 हजार लूट लिया. वारदात को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग गए. सूचना के बाद थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की. पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी को खंगाल रही है.

जानकारी के अनुसार दुम गांव के प्रधान राजकिशोर मंडल अपने घर में ही एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं. दिन के 11 बजे के करीब ग्राहक सेवा केंद्र में दो लोग रुपया निकासी के लिए आए. इसी बीच बाइक से तीन अपराधी आए और एक देशी कट्टा लेकर अंदर घुस गया. हथियार का भय दिखाकर

संचालक समेत ग्राहकों को बंधक बना लिया. काउंटर से बैंक से लाया हुआ ?60 हजार और पहले से रखा ?25 हजार लेकर आराम से चलते बने. जाते समय संचालक को धमकी दी कि अगर किसी तरह का शोर मचाया तो परिणाम अच्छा नहीं होगा. अपराधियों के भागने के बाद संचालक ने शोर मचाया. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कुमार सत्यम मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. संचालक ने पुलिस को बताया कि एक अपराधी ने चेहरा ढंक रखा था और दो हेलमेट पहने हुए थे. दस मिनट के अंदर वारदात को अंजाम देकर निकल भागे.

इस बाबत मुफस्सिल थाना प्रभारी कुमार सत्यम का कहना है कि एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है. सीसीटीवी में सभी की तस्वीर कैद हो गई. फुटेज के आधार पर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

अग्रिम व बकाया मानदेय भुगतान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मियों में रोष

दुमका । फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले दुमका जिला के स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत अल्प वेतन भोगी अनुबंध कर्मियों ने माह अक्टूबर,नवम्बर 2024 का बकाया मानदेय और क्रिसमस पर्व को लेकर दिसम्बर माह का अग्रिम मानदेय की मांग को लेकर सिविल सर्जन डॉ बच्चा प्रसाद सिंह को आवेदन देकर बताया कि अनुबंध कर्मियों में आक्रोश और निराशा है कि बार-बार मानदेय देने में विभाग विलंब कर रहा है। जबकि अभियान निर्देशक,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के पत्रांक 1000 (स्ष्ठ), दिनांक 15-06-2022 के आदेशानुसार सभी जिला के सिविल सर्जन को यह निर्देश दिया गया है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड के अन्तर्गत कार्यरत कर्मियों का मानदेय भुगतान प्रत्येक माह के 2 तारीख तक करना है। साथ ही अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होने पर एक माह पूर्व बजट का आकलन कर राज्य मुख्यालय को अवगत कराना है। उसके बाद भी अल्प वेतनभोगी अनुबंध कर्मियों को अक्सर ससमय मानदेय नही मिलता है। इस मौके में निरोजनी हांसदा, पुष्पा सोरेंग, प्रेमा आई भी सोरेन. रोजलिन हांसदा, मोनिका मरांडी, ओलिववाणी सोरेन, ललिता सोरेन, उषा किरण हांसदा, सबिना हांसदा, एमेली हेम्ब्रोम, सलबिना हांसदा, शुसरना सोरेन, मंजू मरांडी, दीपिका टुडू, विनीता मुर्मू, स्नेहलता बास्की, अग्नेश हेम्ब्रोम, नेली रोजमेरी मरांडी, पुष्पा सोरेन, विनीता मुर्मू, सुपल्ब्री सोरेन,निरोजनी हांसदा आदि उपस्थित थे।

20 को मनेगी महर्षि संतसेवी परमहंस की जयंती

दुमका। महर्षि मेंहीं आश्रम पुसारों दुमका में महर्षि संतसेवी परमहंस महाराज की 105 वीं पावन जयंती महोत्सव20 दिसम्बर को मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए महर्षि मेंही आश्रम के व्यवस्थापक अरण्यानंद भिक्षु ने बताया की प्रातः काल से ही भजन कीर्तन के साथ संत स्तुति गुरु विनती एवं पवित्र ग्रंथ सत्संग योग से पाठ पश्चात प्रवचन होगा। अपराहन कालीन महाभंडारा के साथ भजन कीर्तन से प्रारंभ होगा। तत्पश्चात महर्षि संतसेवी परमहंस महाराज के व्यक्तित्व पर पर चर्चा की जाएगी एवं प्रवचन होगा अरण्यानंद भिक्षु ने बताया की जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए पूरे आश्रम में साफ सफाई व्यवस्था को देखते हुए किसी भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो उसकी पूरी व्यवस्था की जा रही है।

प्रशासन गांव की ओर अभियान आज से 24 दिसंबर तक

दुमका। जिला अपर समाहर्ता राजीव कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ बुधवार को बैठक की।उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान दिनांक-19.12.2024 से 24.12.2024 तक जिले में आयोजित है। इस अवधि के दौरान ऑनलाइन शिकायत का निपटारा किया जाना है।स्पेशल कैम्प लगाकर आमजनों की समस्या से संबंधित आवेदन प्राप्त करना है।

क्रिकेट संघ के विजय सिंह को दी श्रद्धांजलि

दुमका। रसिकपुर बड़ा बांध स्थित एल ए जे कैंप क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने बुधवार को दुमका जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्वर्गीय विजय सिंह को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की द्य इस अवसर पर अकादमी के मुख्य कोच अमित रंगराजन ने बताया कि स्वर्गीय विजय चाचा हमेशा खिलाड़ियों के लिए अच्छे भविष्य के लिए चिंतित रहते थे और वह चाहते थे की हमेशा दुमका जिला के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान बनाएं द्य जब भी उन्हें मौका मिलता वह मैदान आकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते थे द्य मुख्य कोच अमित रंगराजन ने बताया कि उनका जाना मेरी व्यक्ति का छती है साथ ही उन्होंने अकादमी के छोटे-छोटे बच्चों को उनके बारे में बताया और उनके व्यक्तित्व से अवगत कराया।

पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण

दुमका। बाल विकास परियोजना दुमका सदर के तत्वावधान में आयोजित पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के तहत बुधवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दुमका सदर अमर कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण में जो भी जानकारी सेविकाओं की दी गई है और प्रशिक्षण के दौरान जो गतिविधियां सिखायी गई हैं, उसको सभी आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित रूप से लागू करना है। तभी यह अभियान धरातल पर उतरेगा और यह प्रशिक्षण सफल और सार्थक होगा। दुमका प्रखंड सभागार में आयोजित उक्त प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य जहां एक ओर आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों को पोषण के साथ साथ पढ़ाई से संबंधित बाल गतिविधियां भी आयोजित करना है, ताकि पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान को सफल और सार्थक बनाया जा सके।

सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने की बैठक

रानीश्वर(दुमका) । प्रखंड के अलीगंज मैदान में सदस्यता अभियान को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से बैठक हुई। आसनबनी मंडल के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के अगुआई में हुई बैठक में बृंदाबन महातो, तपन राय ,श्याम सुंदर गोराई ,लखाई मोहली ,नंदलाल राय, शत्रुघ्न मंडल ,सोनाधन मुर्मू ,उत्तम कुमार दास ,गौर सुंदर राय मौजूद थे । बैठक में 22 दिसंबर से सदस्यता चलाने का निर्णय लिया गया।

डीसी ने की प्रायोजन,पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक

संवाददाता

दुमका । उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में प्रायोजन एवं पालन पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक बुधवार को हुई। अनाथ,एकल अभिभावक, गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को स्पॉन्सरशिप स्कीम से आच्छादित किए जाने वाले कुल 61 आवेदनों में से 58 आवेदन सही पाए जाने पर एसएफसीएसी कमिटी के द्वारा अनुमोदित किया गया। उपायुक्त ने आदेश दिया कि सभी बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराया जाए ।साथ ही उन्होंने आदेश दिया कि बच्चों के परिवार को सामर्थ्य करने को लेकर अन्य योजनाओं से भी जोड़ें। बैठक में कमेटी के बाल कल्याण समिति के सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चंद्र, एडॉप्शन सेंटर के मैनेजर तारिक अनवर, शकुन्तला दुबे उपस्थित थीं।

उप डाकघर में पीएलआई व आरपीएलआई मेले का आयोजन

संवाददाता

रानीश्वर (दुमका) । उपडाकघर रघुनाथपुर में वरिष्ठ डाक अधीक्षक संथाल परगना प्रमंडल बिनोद कुमार पंडित एवं डाक निरीक्षक केंद्रीय प्रकाश कुमार दुमका के अध्यक्षता में पीएलआई एवं आरपीएलआई के मेला का आयोजन किया गया। बुधवार को रघुनाथपुर, मसानजोर,शिकारीपाड़ा, रांगामसलिया एवं बेनागड़ीया उपडाकघर के लगभग 120 ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों ने भाग लिया। मेले में कुल 80 लाख का बीमा किया गया जिसमें कुल प्रीमियम 5 लाख रुपये का व्यवसाय किया गया। बरिष्ठ डाक अधिक्षक के द्वार मेले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को पुरुष्कृत भी किया गया गया। मेले में भाग लेने वाले कर्मियों में उपडाकपाल गौरव कुमार, डाक सहायक बिजय कुमार मेल पर्यवेक्षक टोटन मंडल एवं निराला मुर्मू के साथ-साथ आशीष पाल, सिद्धांत मंडल, बीरेंद्रलाल मंडल, रतन कुमार साहा, संतोष कुमार ,प्रीति कुमारी, प्रिया कुमारी, राहुल राज, लोहिता दत्ता,प्रशांत कुमार दास, महिमारंजन भंडारी इत्यादि उपस्थित रहे।

विधायक आलोक सोरेन को किया गया सम्मानित

संवाददाता

रानीश्वर(दुमका) । मयूराक्षी ग्रामीण इंटर कालेज के प्राचार्य संजय घोष के अगुआई में बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर शिकारीपाड़ा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक अलोक सोरेन को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कालेज के शासी निकाय के सचिव डॉ असीम कुमार लायेक ने विधायक को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर विधायक के साथ झामुमो के जिला उपाध्यक्ष भैरव दत्त, प्रखंड अध्यक्ष बाबुजन हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष रफीक खान, अमल मंडल, बिनोद राणा, चंडी चक्रबर्ती, लालू शेख, मटरू शेख, जीवन मंडल आदि मौजूद थे। अवसर पर कालेज के संस्थापक पूर्व प्रचार्य डॉ अब्दुल रईस खान ने अपने संबोधन में कहा कि अस्सी के दशक में यहां के गिने चुने सम्पन्न परिवार की छात्राओं को कांलेज में अध्ययन करने का अवसर मिलता था। उस समय यहां के छात्रों को जिला मुख्यालय दुमका में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करनी पड़ती थी। अस्सी के दशक में यहां कांलेज स्थापित होने के बाद अब दूर दराज के सीमांत किसान परिवार की छात्राएं स्नातक योग्यता अर्जित कर रही है। विधायक आलोक सोरेन ने कांलेज के अनुशासन से अभिभूत होकर कांलेज के विकास के लिए सहयोग देने का आश्वासन दिया।

बीडीओ ने की पीडीएस विक्रेताओं के साथ बैठक

रानीश्वर(दुमका) । प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शादां नुसरत ने बुधवार को अंचल कार्यालय के सभागार में पीडीएस विक्रेताओं के साथ बैठक की। बैठक में एमओ ने सभी डीलरों को 31 दिसंबर तक कार्ड धारियों का ई केवाईसी करने का सख्त आदेश दिया। उन्होंने डीलरों को निर्देश दिया कि एक भी लाभुक अनाज से वंचित नहीं रहे, अन्यथा संबंधित पर कारवाई की जाएगी। बैठक में उन्होंने आदिम जनजाति पहाड़ियां लाभुकों को डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से अनाज वितरण सुनिश्चित करने के लिए सहायक गोदाम प्रबंधक को आदेश दिया। बैठक में सभी डीलर एवं सहायक गोदाम प्रबंधक बिश्वनाथ सिंह मौजूद थे।

बासुकीनाथ से तीर्थाटन में निकले पंडे, पुरोहित व श्रद्धालु

जरमुंडी । बासुकीनाथ से पुरोहित कुंदन झा के नेतृत्व में पंडा-पुरोहित व अन्य श्रद्धालुओं का नौ सदस्यीय जत्था पांच ज्योतिर्लिंगों की यात्रा सहित देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों के तीर्थाटन हेतु रवाना हुए। इस दल के सदस्य आनंद शंकर झा ने बताया कि बासुकीनाथ से पंडा-पुरोहित, फुलधारिया व श्रद्धालु की यह टोली जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए मुम्बई में सिद्धिविनायक, नासिक में त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, शिरडी साईं दरबार, शनि सिंघनापुर, भीमाशंकर, ओंकारेश्वर, ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन पूजन कर देश के अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण करने के लिए निकली है। यह यात्रा करीब 11 दिन तक चलेगी। इस यात्रा में अजय कृष्ण झा, कुंदन झा, आनंद शंकर झा, बड़े झा, संजय झा, राजेश झा सारंग, दीपक राव, अमरनाथ पंडा, द्वारिकानाथ गण छक्कू, नरेश राव, टेस्का राव, रविंद्र कुमार मोदी व अन्य शामिल हैं।

विश्वविद्यालय शिक्षकेतर कर्मियों की हड़ताल एवं तालाबंदी में सभी कर्मचारी डटे रहे

दुमका ब्यूरो

दुमका। विगत 21 दिनों से जारी शिक्षकेतर कर्मियों के हड़ताल एवं तालाबंदी कार्यक्रम में सभी कर्मचारी अपने एक सूत्री मांग पर डटे हुए हैं। किसी भी परिस्थिति में बिना सातवां वेतन लिए कर्मचारी हड़ताल से वापस नहीं आने के लिए दृढ़ है। महासंघ के सचिव नेतलाल मिर्धा ने कहा कि पता नहीं वर्तमान कुलपति को आंतरिक श्रोत से सातवें वेतनमान में वेतन निर्धारण होने तक सातवें वेतनमान में वेतन भुगतान करने पर आपत्ति क्यों है? आखिर आंतरिक श्रोत क्या सिर्फ लाखों करोड़ों के क्रय के लिए ही है? अगर विश्वविद्यालय अपने आंतरिक श्रोत से अपने नियमित कर्मचारियों को उनके हक का वेतन नहीं दे सकती तो ऐसे आंतरिक श्रोत के हर खर्च का नियामवली तैयार किया जाना चाहिए ताकि आंतरिक श्रोत से मनमाने खर्च,भुगतान पर रोक लगाई जा सके। हमारे कुलपति वार्ता के लिए तो आए लेकिन आंतरिक श्रोत से वेतन भुगतान पर मौन रहे। क्या पूर्व के कुलपतियों ने जो आंतरिक श्रोत से हमारा हक दिया वो गलत था? श्री नेतलाल मिर्धा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के इस भावना को कर्मचारी विरोधी बताया और कहा कि कुलपति की तानाशाही सोच और जिद ही हड़ताल की मुख्य वजह है। विश्वविद्यालय एक परिवार की तरह संस्था है और जो मुखिया अपने आश्रितों को उसका हक नहीं दे सकता उसे मुखिया रहने का कोई हक नहीं है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं हो जाती हड़ताल जारी रहेगा।

प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव आज

दुमका। जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि जिला खेल कार्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 का आयोजन गुरुवार को प्रमंडलीय मुख्यालय दुमका के इंडोर स्टेडियम में किया जाना है। इस प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव में संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत सभी संबंधित छह जिले के वैसे प्रतिभागी भाग लेंगे जो अपने अपने जिले में विभिन्न प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किए हैं। इस कार्यक्रम में सफल हुए प्रतिभागियों को चयनित कर राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में लोकगीत, लोकनृत्य, एकल नृत्य गायन, भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन और चित्रकला आदि विभिन्न स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

सड़क हादसे में महिला व युवक की मौत

संवाददाता

रामगढ़(दुमका)। थाना क्षेत्र के रामगढ़ दुमका मुख्य मार्ग पर पथरिया गांव के पास बुधवार को सड़क किनारे खड़ी दहीचुंआ गांव की 70 वर्षीय बिंदी देवी को रामगढ़ के ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दी। ठोकर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही बिंदी देवी की मौत हो गई। साथ ही बिंदी देवी का पोता विमल मंडल भी घायल हो गया। मामले में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिंदी देवी अपने घर के सामने बाइक पर सवार होकर अपने पोता विमल मंडल के साथ राशन दुकान जा रही थी। इसी दौरान रामगढ़ की ओर से आ रहे बाइक सवार ने महिला को ठोकर मार दी। घटना में मौके पर ही महिला की मौत हो गई। बाइक सवार युवक भी बीच सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल की पहचान नहीं हो सकी है। मौके पर पहुंची रामगढ़ थाना पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए दुमका स्थित फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाज के दौरान घायल युवक की भी मौत हो गई है।

जोर शोर से चलाएं भाजपा का सदस्यता अभियान : देवेंद्र

संवाददाता

जरमुंडी । भारतीय जनता पार्टी के जरमुंडी मंडल की एक बैठक पतसरा गांव के डुमरिया मोड़ में मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संगठन महापर्व सदस्यता अभियानको लेकर आयोजित इस बैठक में मुख्य रूप से जरमुंडी के विधायक देवेंद्र कुवर, जिला अध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद एवं प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा उपस्थित हुए। आगामी 23 दिसंबर को प्रत्येक शक्ति केंद्र पर सदस्यता अभियान चलाये जाने की बात कही गई। उन्होंने सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी को निर्देश दिया। विधायक देवेंद्र कुंवर ने भी जोर-शोर से कार्यक्रम को चलाने का निर्देश दिया।

जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में 19 आवेदन मिले

जरमुंडी । जरमुंडी पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को दुमका पुलिस के द्वारा आयोजित जन शिकायत समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं से जुड़े विभिन्न.आवेदन प्राप्त हुए। जरमुंडी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार कच्छप के नेतृत्व में जरमुंडी थाना, जामा थाना, तालझारी थाना, हंसडीहा थाना, रामगढ़ थाना एवं सरैयाहाट थाना से आये हुए ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किये गए। इसमें कुल 19 आवेदन ग्रामीणों से प्राप्त किये गए। इस मौके पर जरमुंडी थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल, जामा थाना प्रभारी अजित कुमार, तालझारी थाना प्रभारी अजित कुमार यादव, हंसडीहा थाना प्रकाश कुमार सिंह, रामगढ़ थाना प्रभारी शशि कुमार एवं सरैयाहाट थाना से आये हुए प्रभारी ताराचंद सहित जरमुंडी थाना के पुलिस पदाधिकारी, एसडीपीओ आफिस के एसआई निर्णय झा, आशीष कुमार, सरोज मिश्रा, चेतन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं विभिन्न थाना क्षेत्र से आये हुए ग्रामीण व उनके स्वजन मौजूद थे।

शिक्षक को साइबर अपराधी ने डिजिटल अरेस्ट कर किया परेशान

संवाददाता

जरमुंडी । साइबर ठगों द्वारा फर्जी कस्टम ऑफिसर बनकर जरमुंडी के बेलगुमा यूएमएस में पदस्थापित एक शिक्षक को ठगी का शिकार बनाकर डिजिटल अरेस्ट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में पीड़ित शिक्षक, मनोज कुमार यादव ने जरमुंडी थाना में लिखित आवेदन देकर कारवाई करने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने थाना प्रभारी के नाम आवेदन में पुलिस को बताया है कि वह बेलगुमा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित एक शिक्षक हैं। दिनांक 17 दिसंबर 2024 मंगलवार को वह विद्यालय में कार्यरत था। तभी उनके मोबाइल पर +11 99 364 3565 एक मिस्ड कॉल आया। पुनः +19 900564620 दूसरा कॉल आया तो उन्होंने रिसीव किया। फोन पर दूसरी तरफ से बात करने वाले ने बताया कि वह कस्टम अधिकारी सुमित मिश्रा 062/ 054 सीआरसी/ नई दिल्ली, एयरपोर्ट से बोल रहे हैं। फर्जी अधिकारी ने बताया कि शिक्षक मनोज के द्वारा एक पार्सल भेजा गया है, जिसमें 16 पासपोर्ट 59 एटीएम कार्ड तथा 140 एमडीएमए पकड़ाया है, जो मोबाइल नंबर आधार नंबर के द्वारा भेजी गई है। तब शिक्षक मनोज ने बताया कि ऐसा कोई पार्सल उन्होंने नहीं भेजा है और एमडीएमए क्या होता है, उसे नहीं पता तब फर्जी कस्टम अधिकारी ने बताया कि उसे दिल्ली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करानी होगी,तभी उसे कोर्ट नहीं जाना पड़ेगा। फर्जी कस्टम ऑफिसर ने बताया कि उसे 2 घंटे में थाने का रिपोर्ट चाहिए।इस क्रम में दिल्ली पुलिस की वर्दी में एक आदमी ने पीड़ित शिक्षक से बात किया और एक व्हाट्सएप नंबर से मनोज को जोड़ा। वीडियो कॉल करके रिपोर्ट दर्ज किया, फिर उसने मनोज से बहुत सारा सवाल किया और उसका आधार कार्ड व्हाट्सएप पर ले लिया, स्क्रीन शेयर भी करवा लिया। फर्जी आफिसर ने कहा कि आप ने कस्टम विभाग से बहुत बड़ा हेरा फेरी किया हैं। इसलिए आपको दिल्ली आकर कोर्ट में जवाब देना होगा। तरह-तरह की धमकी देकर उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। शिक्षक को इतना दिग्भ्रमित कर डराया कि फर्जी कस्टम अधिकारी जैसा निर्देश देता गया डरा सहमा शिक्षक मनोज करता चला गया अंत में उन्होंने अपने आधार कार्ड और बैंक अकाउंट का डिटेल भी दे दिया। बाद में कुछ शक होने पर उसने फोन काट दिया। शिक्षक मनोज कुमार यादव ने डिजिटल अरेस्ट करने के संबंध में शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686